# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





*छत्तीसगढ़ के नेशनल हाईवे का नेटवर्क दो साल के अंदर अमेरिकन नेटवर्क के बराबर होगा, आज मैं यह विश्वास दिलाता हूं, आपने जो छत्तीसगढ़ राज्य के लिए मांगें रखी हैं, वे सब देंगे, आप क्लीयरेंस दे दो। यह बात इंडियन रोड कांग्रेस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कही। इस मौके पर उन्होंने 20 हजार करोड़ रुपए के कार्यों की स्वीकृति दी। इनमें चार राष्ट्रीय राजमार्गों में फोरलेन के लिए डीपीआर की स्वीकृति भी शामिल है।*

## गडकरी ने दिए 20 हजार करोड़ : सरोना, तेलीबांधा उद्योग भवन और धनेली जंक्शन में फ्लाईओवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

श्री गडकरी ने धमतरी से जगदलपुर, रायपुर से बलौदाबाजार-सारंगढ़, कटघोरा से अम्बिकापुर और बिलासपुर से अकलतरा-रायगढ़ से ओडिशा बार्डर तक के राष्ट्रीय राजमार्गों को फोरलेन करने के लिए राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ में कई सिंगल लेन और टू लेन सड़कों के निर्माण के लिए भी राशि मंजूर की। श्री गडकरी ने ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ गडकरी बोले- छत्तीसगढ़ एनएच का नेटवर्क दो साल में अमेरिका के बराबर होगा

### विकास भी करना है पर्यावरण संतुलन भी रखना है: साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमें विकास भी करना है और पर्यावरण का संतुलन भी रखना है। हमारे देश में हमारा ट्रांसपोर्ट सेक्टर देश के पाल्यूशन में 40 प्रतिशत योगदान करता है। मैं आईआरसी के पदाधिकारियों से अनुरोध करूंगा कि आप इस सेक्टर को इंटीग्रेटेड एप्रोच से सोचें। हमें सड़कों के किनारे टायलेट बनाने होंगे। हमने हमसफर योजना शुरू ▶▶|शेष पेज 4 पर

## स्विट्जरलैंड की एक्स-रे मशीन चंद मिनटों में बता रही सड़क की मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंडियन रोड कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन का शुक्रवार को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुभारंभ किया। यहां पहले दिन देशभर से हजारों इंजीनियर और सड़क विशेषज्ञ शामिल हुए। ▶▶|शेष पेज 4 पर



**एक्सीडेंट से मौत रोकने क्रैश बैरियर**

### विदेशों में एक दिन में 60 किमी सड़क निर्माण

ऑस्ट्रेलिया की कंपनी एआरबी सिटम्स इंटेलिजेंट पेवमेंट असेसमेंट व्हीकल लेकर आई है। इस हाईटेक व्हीकल के जरिए सड़कों की स्थिति का आकलन किया जा सकता है। जर्जर सड़कों की मरम्मत भी उच्च गुणवत्ता के साथ की जा सकेगी। यह व्हीकल एक दिन में 50 ▶▶|शेष पेज 4 पर



### क्रैश बैरियर के टकराने से खाई में नहीं गिरेंगे वाहन

चीन व अमेरिका समेत अन्य देशों की सड़कों में दुर्घटना से बचने में क्रैश बैरियर रेलिंग लगाया जा रहा है। अधिवेशन में कंपनी रेलिंग लेकर पहुंची है। उनका कहना है कि सड़कों में लोहे की रेलिंग या पाइप से तेज रफ्तार वाहन टकराकर खाई में गिर जाते हैं, लेकिन रबर के बने क्रैश बैरियर में टकराने से गाड़ी नियंत्रित हो सकती है और खाई में गिरने की संभावना भी कम हो जाती है। घाटी व मोड़दार सड़कों में इसे उपयोग कर दुर्घटना और उससे होने वाली मृत्यु दरों को कम किया जा सकेगा। कंपनी का दावा है कि 200 टन तक रेलिंग की क्षमता है। इस बैरियर की खास बात यह भी है कि इसकी ऊंचाई कम होने से ड्राइवर और यात्रियों को ज्यादा नुकसान भी नहीं होता है। इसका परीक्षण करके इसे भारत के विभिन्न राज्यों में लगाया भी जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### 97 साल के हुए भारत रत्न आडवाणी



**नई दिल्ली।** केंद्र के साथ ही कई राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा को गढ़ने में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी शुक्रवार को 97 वर्ष के हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकृष्ण आडवाणी के जन्मदिन पर उनसे मुलाकात कर जन्मदिन की बधाई दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। भाजपा के संगठन विस्तार में उनके योगदान को याद किया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# दुर्ग पुलिस का कमाल

*क्राइम ब्रांच को देखते ही गोलियां बरसाना शुरू कर दिया, पुलिस की जवाबी फायरिंग में मारा गया*

## एनकाउंटर में निगरानी बदमाश को मार गिराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ पुलिस ने दुर्ग जिले के एक कुख्यात गुंडे-बदमाश सेक्टर-6 भिलाई निवासी अमित जोश को मार गिराया है। पिछले करीब 4 महीने से पुलिस को उसकी तलाश थी। इस एनकाउंटर को प्रदेश की नई साय सरकार गठन के बाद अपराधियों के खिलाफ पहला बड़ा एक्शन माना जा रहा है। दुर्ग जिले सहित प्रदेश में लगातार बढ़ती फिरौती, मारपीट, हत्या, लूटी, डकैती और रसूखदारी वसूलने की घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की शाम मुखबिर से खबर मिली कि अमित जोश ▶▶|शेष पेज 4 पर



### सीएम ने दिए थे सख्ती के संकेत



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कड़े तेवर दिखाते हुए महकमे को अपराधियों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। एनकाउंटर उसी सख्ती का नतीजा है। सीएम साय ने प्रदेश में अपराध पर जीरो टालरेंस रखने को कहा है।



### गोलीकांड का था मुख्य आरोपी

*पुलिस ने बताया कि अमित जोश ने चार महीने पहले भिलाई के ग्लोब चौक में गोलीकांड को अंजाम दिया था। वह घटना का मुख्य आरोपी था। वह 4 महीने से फरार था। पुलिस को उसके भिलाई आने की खबर मिली थी, इसके बाद पुलिस ने तैयारी करते हुए आरोपी की घेराबंदी की। जानकारी के मुताबिक अमित जोश ने पुलिस जवानों को देखते ही फायरिंग की। इस दौरान पुलिस ने उसे फायरिंग नहीं करने की चेतावनी दी, लेकिन वह लगातार गोलियां बरसता रहा, जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी फाइरिंग की। 4 महीने पहले अमित ने ग्लोब चौक पर 3 लोगों पर फाइरिंग की थी, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।*

## लोहारीडीह मामले में शिवप्रसाद के शव का फिर होगा पीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

लोहारीडीह के रहने वाले कचरू उर्फ शिव प्रसाद साहू की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत के मामले में एक नया मोड़ आ गया है। प्रकरण में मृतक की बेटी की याचिका पर जबलपुर हाईकोर्ट की डबल बेंच ने मृतक शिवप्रसाद साहू के शव का रि-पोस्टमार्टम किए जाने का आदेश दिया है। वहीं, कोर्ट ने ▶▶|शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो

### परिजनों की मौजूदगी में खुदेगी कब्रः चीफ जस्टिस

*जबलपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ की डिविजन बेंच ने कहा है कि शिवप्रसाद साहू की लाश परिजनों की मौजूदगी में कब्र से खोदकर विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम से दोबारा पोस्टमार्टम कराया जाए। उन्होंने पीएम रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है।*






### स्कूल में सेल्फी पर आपत्ति छात्र ने की खुदकुशी

**खरगोन।** खरगोन में ऐतिहासिक स्थल जाम गेट से 12वीं के छात्र राज ओसारी ने कूदकर जान दे दी। स्कूल के अधिकारियों ने उसके मोबाइल फोन के इस्तेमाल और परिसर में सेल्फी लेने की कोशिश पर आपत्ति जताई थी। उसके रिश्तेदारों और एक गार्ड ने उसे ऐसा करने से रोकने की कोशिश की लेकिन वह उसे रोक नहीं सके। राज ने जाम गेट से छलांग लगा दी और फिर उसे एक खाई में पाया गया।

### 10वीं-12वीं बोर्ड बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से

**नई दिल्ली।** सीबीएसई बोर्ड क्लास 10 और 12 की परीक्षाएं 15 फरवरी 2025 से शुरू होंगी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड जल्द ही 10वीं और 12वीं क्लास की डेटशीट जारी करने की तैयारी में है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 डेटशीट से जुड़ी सभी डिटेल्स ऑफिशियल वेबसाइट पर चेक कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सीबीएसई बोर्ड परीक्षा डेटशीट जल्द ही जारी कर दी जाएगी।

### भारत ने साउथ अफ्रीका को 61 रन से हराया

**डरबन।** भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले टी-20 में 61 रन से हरा दिया। डरबन के किंग्समीड स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। संजू सैमसन की सेंचुरी के दम पर भारत ने 202 रन बनाए। साउथ अफ्रीका टीम 17.5 ओवर में 141 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। तेज गेंदबाज आवेश खान ने भी 28 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत की यह लगातार 11वीं जीत है।






# इलेक्टोरल बॉन्ड, प्राइवेसी से लेकर एडल्टरी तक, जस्टिस चंद्रचूड़ के ऐतिहासिक फैसले

**08** नवम्बर को रहा आखिरी कार्यदिवस | **10** नवम्बर को हो जाएंगे रिटायर | **11** नवम्बर से जस्टिस संजीव खन्ना होंगे नए सीजेआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का 8 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में अंतिम कार्य दिवस रहा। वे 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे। इसके बाद 11 नवंबर को जस्टिस संजीव खन्ना सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की कुर्सी संभालेंगे। सुप्रीम कोर्ट में बतौर जज 8 साल की न्यायिक यात्रा में जस्टिस चंद्रचूड़ कई ऐतिहासिक फैसले शामिल रहे जिन्होंने भारतीय समाज और कानून को गहराई से प्रभावित किया है। उनके कार्यकाल के दौरान गोपनीयता, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, राजनीतिक पारदर्शिता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रमुख फैसले लिए गए हैं। बता दें कि जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने 9 नवंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई का पद संभाला था और वे देश में सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्य न्यायाधीश भी हैं।

### इलेक्टोरल बॉन्ड केस (फरवरी 2024)

**फैसला :** मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट ने पॉलिटिकल फंडिंग के लिए केंद्र सरकार की इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को असंवैधानिक करार दिया। अदालत ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को इलेक्टोरल बॉन्ड जारी करने पर रोक लगाने और अब तक कैश किए गए बॉन्ड की जानकारी देने का आदेश दिया।

### निजी संपत्ति अधिकार (नवंबर 2024)

**फैसला :** सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की बेंच ने फैसला सुनाया कि सभी निजी संपत्तियों को सामुदायिक संसाधन मानकर पुनर्वितरित नहीं किया जा सकता है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने बहुमत के इस फैसले में निजी संपत्ति के अधिकारों के महत्व को बनाए रखते हुए सार्वजनिक हित को संतुलित किया।

### गोपनीयता का अधिकार (अगस्त 2017)

**फैसला :** ऐतिहासिक फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने गोपनीयता को अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया। सीजेआई चंद्रचूड़ ने इस फैसले में आपातकालीन अवधि के एक पुराने निर्णय को पलटते हुए इस अधिकार की स्वतंत्रता को स्थापित किया।

### हादिया केस
शादी का अधिकार (अप्रैल 2018)



**फैसला:** सुप्रीम कोर्ट के 3 जजों की बेंच ने प्रसिद्ध हादिया केस में दो अलग-अलग फैसले सुनाए। एक फैसला पूर्व सीजेआई दीपक मिश्रा और जस्टिस ए.एम. खानविलकर का था, जबकि दूसरा फैसला मौजूदा सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ का था। कोर्ट ने कहा कि अपनी पसंद के व्यक्ति से विवाह करने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार) का हिस्सा है।

### सबरीमाला मंदिर
महिलाओं को प्रवेश (सितंबर 2018)



**फैसला:** सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर लगाए गए प्रतिबंध को असंवैधानिक करार दिया। तत्कालीन सीजेआई दीपक मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ ने 4-1 के फैसले में कहा कि यह नियम महिलाओं के समानता और पूजा के अधिकार का उल्लंघन करता है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने इसे संविधान के तहत अछूतता के रूप में वर्णित किया।

### राम मंदिर
विवाद पर फैसला (नवंबर 2019)



**फैसला:** सुप्रीम कोर्ट में 5 जजों की बेंच ने एकमत से फैसला सुनाया कि अयोध्या की विवादित भूमि को राम मंदिर निर्माण के लिए एक ट्रस्ट को सौंपा जाए और मुस्लिम समुदाय को अयोध्या में किसी उपयुक्त स्थान पर मस्जिद निर्माण के लिए पांच एकड़ जमीन दी जाए। सीजेआई चंद्रचूड़ इस बेंच का हिस्सा थे, तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई, जस्टिस एस.ए. बोबडे, अशोक भूषण और एस.ए. नजीर शामिल थे।

### दिल्ली सरकार बनाम उपराज्यपाल (मई 2023)

**फैसला :** पांच जजों की बेंच ने फैसला दिया कि दिल्ली सरकार के पास प्रशासनिक सेवाओं पर अधिकार है, सिवाय सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस और भूमि के मामलों के। इस फैसले ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में निर्वाचित सरकार के अधिकारों की पुष्टि की।

### धारा 377 का खात्मा (अगस्त 2018)

**फैसला :** सुप्रीम कोर्ट में 5 जजों की बेंच ने आईपीसी की धारा 377 को असंवैधानिक करार दिया, जो समलैंगिकता को अपराध मानती थी। इस फैसले में कहा गया कि समलैंगिक समुदाय के लोग समान नागरिक हैं और लिंग के आधार पर कानून में भेदभाव नहीं किया जा सकता।

---

## खबर संक्षेप

### ईडी ने जब्त किए एक करोड़ के आभूषण, नकदी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करोड़ों रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में भोपाल की एक कंपनी के खिलाफ छापेमारी के दौरान 85 लाख रुपये मूल्य के हीरे और सोने के आभूषण तथा 25 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं। ईडी ने छह नवंबर को एक ऑटोमोबाइल कंपनी के निदेशकों और एक ऑडिटर समेत कंपनी से जुड़े कुछ लोगों के चार परिसरों पर छापे मारे।

### सांभर झील में 500 से अधिक पक्षियों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान की सांभर झील में 26 अक्टूबर से अब तक 'एवियन बोटुलिज्म' नामक बीमारी के कारण 500 से अधिक पक्षियों की मौत हो चुकी है। एक अधिकारी ने बताया कि उपचार के बाद करीब 38 पक्षियों को झील में छोड़ा गया। बरेली से आई जांच रिपोर्ट में पता चला है कि पक्षियों की मौत 'बोटुलिज्म' के कारण हुई है। बोटुलिज्म एक गंभीर न्यूरोमस्कुलर बीमारी है। इस बीमारी से उनके पंख और पैर लकवाग्रस्त हो जाते हैं। कुल्हारी ने बताया कि मृत और बीमार पक्षियों को झील क्षेत्र से हटाया जा रहा है।

---

कोर्ट ने 4-3 के बहुमत से निर्णय को कर दिया खारिज

# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज किया एएमयू का अल्पसंख्यक दर्जा रद्द करने वाला 1967 का फैसला, नई बेंच गठित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के अल्पसंख्यक दर्जे को लेकर एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 4-3 के बहुमत से 1967 के उस निर्णय को खारिज कर दिया है जिसमें एएमयू को अल्पसंख्यक दर्जा देने से मना किया गया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर विचार करने के लिए तीन जजों की एक विशेष बेंच का गठन किया है, जो अल्पसंख्यक दर्जा देने के मानदंडों को दोबारा परिभाषित करेगी।

**जजों की राय बंटी, बनी तीन जजों की बेंच :** एएमयू के मामले में जजों की राय बंटी हुई है। चीफ जस्टिस डीवाय चंद्रचूड़ और जस्टिस पारदीवाला इस निर्णय पर सहमत थे, जबकि जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने असहमति जताई। बहुमत से आए इस फैसले के बाद अब तीन जजों की बेंच एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का फिर से मूल्यांकन करेगी।

### क्यों उठा एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का विवाद

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की स्थापना 1875 में सर सैयद अहमद खान ने की थी, जिसे बाद में 1920 में यूनिवर्सिटी का दर्जा मिला। 1967 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एएमयू को अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता, क्योंकि इसे केंद्र सरकार के अधिनियम के तहत स्थापित किया गया था। इस फैसले ने एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे पर सवाल खड़े कर दिए थे, जिसके बाद से ही यह मुद्दा विवादों में रहा है।



### केंद्र सरकार की ओर से दी गई ये दलीलें

*केंद्र सरकार की ओर से वकीलों ने यह तर्क दिया कि एएमयू का गठन एक राष्ट्रीय महत्व की संस्था के रूप में किया गया है। उनका मानना है कि ऐसी संस्था का अल्पसंख्यक दर्जा नहीं होना चाहिए। सरकार ने कहा कि एएमयू का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के विकास में योगदान देना है, और इसलिए इसे अल्पसंख्यक का दर्जा नहीं मिलना चाहिए।*

### इलाहाबाद हाई कोर्ट का 2005 का फैसला

वर्ष 1981 में एक संशोधन के जरिए एएमयू को अल्पसंख्यक दर्जा देने की कोशिश की गई, लेकिन 2005 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इस संशोधन को असंवैधानिक करार दिया। इसके बाद केंद्र सरकार ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। तब से लेकर आज तक इस पर निर्णय की प्रतीक्षा हो रही थी।

### अल्पसंख्यक संस्थानों के अधिकारों पर होगा असर

एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे पर सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला दूरगामी प्रभाव डाल सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि नए मानदंडों को इस प्रकार तय किया जाना चाहिए कि संस्थानों का अल्पसंख्यक स्वरूप प्रभावित न हो। अब देशभर के अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों की ओर भी सभी की नजरें हैं। इस फैसले में कोर्ट ने यह भी कहा कि एक संस्थान का अल्पसंख्यक चरित्र केवल इसे संसद द्वारा स्थापित किए जाने के आधार पर तय नहीं हो सकता।

### अब नए सिद्धांतों के आधार पर होगा फैसला

सुप्रीम कोर्ट के चार जजों की बेंच ने बहुमत से अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक दर्जे से जुड़े 1967 के अजीज बाशा केस के पुराने फैसले को खारिज कर दिया गया। सीजेआई चंद्रचूड़ समेत चार जजों ने इस ऐतिहासिक मामले में यह फैसला सुनाया। इससे एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे पर दोबारा विचार करने का रास्ता साफ हो गया है। अब नए सिद्धांतों के आधार पर किया जाएगा फैसला।

---

# मोदी बोले- कांग्रेस जाति-जाति को लड़ा रही, राहुल भड़के भाजपा पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



महाराष्ट्र-झारखंड विधानसभा चुनाव की तिथि की नजदीक आने के साथ ही सभी पार्टियां पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार में लग गई है। इसी क्रम में पीएम नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के धुले में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और इंडिया अलांयल पर करारा निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस जाति को दूसरी जाति से लड़ाने का खतरनाक खेल को खेल रही है। ये खेल इसलिए खेला जा रहा है, क्योंकि कांग्रेस कभी दलितों-पिछड़ों-आदिवासियों को आगे बढ़ते नहीं देख सकती। वहीं राहुल गांधी ने झारखंड में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा को धार्मिक उन्माद फैलाने वाली पार्टी बताया। पीएम मोदी ने कहा कि अगले 5 वर्ष महाराष्ट्र की प्रगति को एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। महाराष्ट्र को जो सुशासन चाहिए, वो सिर्फ महायुति की सरकार ही दे सकती है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में 370 को वापस नहीं करा सकती है।

### क्या कहा राहुल गांधी ने



कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने झारखंड के सिमडेगा में आयोजित चुनावी रैली में कहा कि बीजेपी के लोग जहां भी जाते हैं, वो एक भाई को दूसरे भाई से, एक धर्म को दूसरे धर्म से, एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाते हैं। मणिपुर इतने दिन से जल रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री आज तक वहां नहीं गए, क्योंकि वहां हिंसा इनकी ही विचारधारा के कारण फैली थी। इसलिए हमने 'भारत जोड़ो यात्रा' की, जिसमें नारा था- 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान' खोलेंगे। जिससे हिंदुस्तान के लोग प्यार से एक साथ रहें।

---

**हथियार और गोला-बारूद बरामद**

# ग्राम रक्षा गार्ड की हत्या का लिया बदला, मार गिराए दो आतंकवादी

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर



जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षाबलों ने रातभर चली मुठभेड़ के बाद शुक्रवार को दो आतंकवादियों को मार गिराया। इन आतंकवादियों ने एक दिन पहले दो ग्राम रक्षा गार्ड की हत्या कर दी थी। कश्मीर जोन की पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान सुनिश्चित करने और उनके संगठन के बारे में पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से हथियार और गोला-बारूद तथा अन्य सामग्री बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक, खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों द्वारा शुरू किए गए अभियान के बाद बृहस्पतिवार शाम को ही मुठभेड़ शुरू हो गई थी। पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर जोन) वी के बिरदी ने कहा कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद बृहस्पतिवार रात को अभियान शुरू किया गया था। बिरदी ने कहा, घेराबंदी करने के दौरान गोलीबारी शुरू हो गई। हमने सोचा कि पहले क्षेत्र से नागरिकों को हटाना समझदारी होगी।

### ग्राम रक्षा गार्ड के शव मिले

जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में व्यापक तलाश अभियान के दौरान शुक्रवार को एक नाले के पास उन दो ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) के शव पाए गए, जिनकी आतंकियों ने अपहरण के बाद हत्या कर दी थी। सुरक्षा बलों ने ड्रोन और श्वान दस्ते को खोजबीन अभियान में लगाया था। आज सुबह वन क्षेत्र के ऊपर एक हेलीकॉप्टर मंडराते देखा गया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, किश्तवाड़ के ओहली-कुंतवाड़ा निवासी नजीर अहमद और कुलदीप कुमार मवेशियों को चराने के दौरान लापता हो गए थे।

---

# घूसखोर अफसर के घर से मिले 3 करोड़ 80 लाख कैश

**सीबीआई ने पकड़ा था पांच लाख की रिश्वत लेते, फिर घर पर दी दबिश**



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने जीएनसीटीडी के दिल्ली अर्बन शेल्टर इम्प्रूवमेंट बोर्ड के लीगल ऑफिसर विजय मागो, सतीश नाम के एक शख्स और एक अज्ञात व्यक्ति को 5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इसके बाद अफसर के ठिकानों से छापेमारी के दौरान 3.79 करोड़ रुपये बरामद किए गए हैं। सीबीआई ने 7 नवंबर 2024 को जीएनसीटीडी के दिल्ली अर्बन शेल्टर इम्प्रूवमेंट बोर्ड के लीगल ऑफिसर समेत तीन लोगों के खिलाफ रिश्वत मांगने का केस दर्ज किया था। सीबीआई को शिकायत मिली थी कि इस लीगल ऑफिसर और दो लोगों ने एक कारोबारी की दो दुकानों को सील कर दिया था। उसको खोलने के लिए 40 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। इसके बाद सीबीआई ने 7 नवंबर को छापा मारकर आरोपियों को 5 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इनके ठिकानों पर सर्च करके 3 करोड़ 79 लाख रुपये कैश और कुछ प्रॉपर्टी के कागजात बरामद किए गए हैं।

डॉ.वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट) ®
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

---

**कनाडा ने जारी की नई गाईड लाइंस**

# अब भारतीयों को नहीं मिलेगा 10 साल का विजिटर वीजा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कनाडा और भारत के बीच बढ़ता तनाव थमने का नाम नहीं ले रहा है, इस बीच टूडो सरकार ने विजिटर वीजा नियमों में बड़े बदलाव किए हैं, जो भारतीयों के लिए बुरा हो सकता है। नई गाइड लाइंस के अनुसार अब किसी को भी कनाडा का 10 साल का विजिटर वीजा नहीं मिलेगा। भारतीय नागरिकों के विजिटर वीजा की अवधि को कनाडा सरकार ने 1 महीने तक सीमित कर दिया और विजिटर वीजा को सीधे वर्क वीजा में बदलने का आदेश दिया है। यह कदम कनाडा सरकार द्वारा वीजा प्रणाली में कड़े प्रावधान लागू करने के उद्देश्य से किया गया है, जिससे लंबी अवधि के वीजा की सुविधा भारतीय नागरिकों को समाप्त हो जाएगी।



### यात्रा वीजा को सीधे कामकाजी वीजा में बदलने का प्रावधान

इसके अलावा, यात्रा वीजा को सीधे कामकाजी वीजा में बदलने का प्रावधान किया गया है। यह कदम कनाडा सरकार द्वारा वीजा प्रणाली में कड़े प्रावधानों को लागू करने के उद्देश्य से उठाया गया है, जिससे भारतीय नागरिकों को लंबी अवधि के वीजा की सुविधा नहीं मिलेगी। लंबे समय तक कनाडा में रहकर अपने दोस्तों और परिवार से मिलना चाहने वाले भारतीयों के लिए यह बदलाव विशेष रूप से कठिन साबित हो सकता है।

### अन्य नियमों में भी किया गया बदलाव

कनाडा में पढ़ाई के बाद वर्क परमि नियमों में भी बदलाव किए हैं, जो 1 नवंबर 2024 से लागू हो गए हैं। पोस्ट-ग्रेजुएशन वर्क परमिट पाने के लिए छात्रों को अब नई शर्तों को पूरा करना होगा।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर
शनिवार, 9 नवंबर 2024
कार्तिक शुक्ल पक्ष अष्टमी
वर्ष : 23, अंक : 113
पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 32.5
न्यून. 19.6

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# अब रायपुर एयरपोर्ट पर भी छलकेंगे जाम, फ्लाइट से आने वालों के लिए खुलेगी दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर अब पीने-पिलाने की पूरी व्यवस्था होगी। राज्य में पहली बार किसी एयरपोर्ट पर बार खोला जा रहा है। यही नहीं, एयरपोर्ट परिसर में शराब की दुकान भी खोलने की तैयारी है। अब एयरपोर्ट पर फ्लाइट के इंतजार में बैठे लोग वहीं नाश्ते-खाने के साथ शराब और बीयर का मजा ले सकेंगे। जो यात्री फ्लाइट से यहां आएंगे, वे वापसी के समय शराब की बोतल खरीदते हुए लौट सकेंगे। एयरपोर्ट पर शराब-बीयर पिलाने की व्यवस्था करने के लिए वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग ने छत्तीसगढ़ विदेशी मदिरा नियम 1996 में संशोधन किया है। इस संशोधन के साथ ही अब विमानतल पर रेस्टोरेंट बार के लिए लाइसेंस दिया जाएगा। इस लाइसेंस की सालाना फीस 12 लाख रुपए होगी। एयरपोर्ट के अंदर स्थित रेस्टोरेंट को जिसके पास रेस्टोरेंट एवं बार संचालन के लिए एयरपोर्ट अथारिटी का अनापत्ति प्रमाण पत्र ▶▶|शेष पेज 4 पर

## छत्तीसगढ़ में पहली बार एयरपोर्ट पर शराबखाना, बाहरी व्यक्ति आकर नहीं पी सकेंगे




### लेकिन ये शर्तें होंगी...

एयरपोर्ट पर बार खोलने के लिए लायसेंस देने के साथ ही कई शर्तें भी रखीं गई हैं। लायसेंसधारी को विदेश शराब की खरीदी जिले की ऐसी विदेशी मदिरा दुकान से ही करने होगी जिसकी अनुमति जिला कलेक्टर द्वारा दी जाएगी। ग्राहक को विदेशी मदिरा का उपयोग उसी परिसर में ही करना होगा। इस परिसर में बाहरी व्यक्तियों यानी (ऐसे व्यक्ति जिन्हें हवाई यात्रा से राज्य से प्रस्थान करना है, कहीं बाहर देश या राज्य से आगमन करना है, एवं एयरपोर्ट के अधीन कार्यरत कर्मियों को छोड़कर) द्वारा मदिरापान नहीं किया जा सकेगा।

## 20 प्रतिशत महंगी शराब और लोगो भी अलग



एयरपोर्ट परिसर में विदेशी मदिरा स्प्रिट एवं माल्ट के लिए निर्धारित फुटकर विक्रय दर से न्यूनतम 20 प्रतिशत अधिक दर पर एयरपोर्ट परिसर में बिक्री की जाएगी। बार में बिकने वाली शराब की बोतल पर संबंधित विदेशी मदिरा इकाई द्वारा लगाए गए होलोग्राम के अतिरिक्त एयरपोर्ट रेस्टोरेंट बार संबंधित होलोग्राम मदिरा दुकान में ही अलग से बोतल पर चस्पा होगा। होलोग्राम का रंग लाल होगा। लाइसेंसधारी किसी भी समय स्प्रिट की 240 क्वार्ट बोतल का और बीयर की 480 बोतल से अधिक स्टॉक नहीं रखेगा।

### दुकान खोलने की भी तैयारी

आबकारी प्रशासन के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार रायपुर के एयरपोर्ट पर विदेशी शराब की दुकान भी खोलने की तैयारी है। इसके लिए एयरपोर्ट अथारिटी से जगह मांगी गई है। जगह मिलने के बाद इस दुकान के लिए भी लाइसेंस जारी होगा। जो यात्री फ्लाइट से रायपुर में आएंगे। वे यहां से शराब खरीदते हुए लौट सकते हैं। एयरपोर्ट पर शराब की उपलब्धता क्यों? इस सवाल के जवाब में अधिकारियों का कहना है कि देश के दूसरे राज्यों के एयरपोर्ट पर पहले से ऐसी व्यवस्था है इसलिए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 32 लाख का गुटखा जब्त, एक गिरफ्तार



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने 32 लाख रुपए से अधिक मूल्य का गुटखा जब्त किया। प्रतिबंधित पदार्थ ले जा रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार की सुबह भिवंडी के सोमा नगर इलाके के पास दो टेंपो को रोका। दोनों वाहनों में गुटखे की पेटियां लदी हुईं थी।

### खेत की जोताई के दौरान मिला हथियारों का जखीरा



**शाहजहांपुर।** यूपी शाहजहांपुर जिले में खेत की खुदाई के दौरान तलवारों और बंदूकों समेत अस्त्र-शस्त्रों का जखीरा मिला है। जिला प्रशासन ने इन हथियारों को कब्जे में ले लिया है। खेत से कुल 23 तलवारें, 12 मैचलॉक राइफल (बंदूक) के अवशेष, एक भाला और खंजर बरामद हुए हैं।

### जिरीबाम में छह घर जलाए ग्रामीणों पर भी हमला



**इंफाल।** मणिपुर के जिरीबाम जिले में सशस्त्र उग्रवादियों के एक समूह ने आदिवासी बहुल एक गांव में कम से कम छह घरों को आग लगा दी और ग्रामीणों पर हमला कर दिया। यह घटना गुरुवार शाम को जैरोन हमार गांव में हुई। उग्रवादियों के एक समूह ने छह घरों में आग लगा दी। उन्होंने कहा, पास के जंगल में शरण ली।

### सीबीआई ने रिश्वत लेते दो अधिकारियों को पकड़ा




**नई दिल्ली।** सीबीआई ने सुरक्षा उपकरणों का कारोबार करने वाली एक कंपनी से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए रिश्वत लेने के आरोप में चंडीगढ़ दमकल विभाग के दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अधिकारियों में से एक दमकल केंद्र अधिकारी शामिल हैं।

### हाथियों पर नज़र रखने के लिए सैटेलाइट कॉलर



**भोपाल।** मप्र के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाल ही में 10 हाथियों की मौत के बाद मप्र वन विभाग हाथियों की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए सैटेलाइट कॉलर का इस्तेमाल करने की योजना बना रहा है। पिछले महीने हाथियों की मौत के बाद राज्य सरकार कई उपायों की घोषणा कर रही है।

नए सीजेआई का पद संभालने वाले न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा- विदेशों में भी इनके यंग लुक की चर्चा

# आखिरी कार्यदिवस में सीजेआई चंद्रचूड़ ने सुने 41 केस, हुए भावुक, मांगी माफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*भारत के सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ रविवार को पद से मुक्त हो जाएंगे, लेकिन 9 और 10 तारीख को शनिवार व रविवार को कोर्ट की छुट्टी रहेगी। इसलिए, उनके सम्मान में विदाई समारोह शुक्रवार को ही आयोजित किया गया। सुप्रीम कोर्ट में अपने अंतिम कार्य दिवस में सीजेआई चंद्रचूड़ ने 41 केस पर सुनवाई की। वे भावुक नजर आए...माफी भी मांगी। 10 नवंबर को न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की सेवानिवृति के बाद न्यायमूर्ति संजीव खन्ना उनका स्थान लेंगे। वह देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश होंगे।*

भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ का सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को अंतिम दिन था। न्यायपालिका में अपने उल्लेखनीय योगदान और सशक्त विचारों के लिए पहचान बनाने वाले चंद्रचूड़ ने अपने कार्यकाल में कई ऐतिहासिक फैसले दिए, जिनमें अयोध्या भूमि विवाद, अनुच्छेद 370, और समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर करना जैसे महत्वपूर्ण फैसले शामिल हैं। शुक्रवार को न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ का शीर्ष अदालत में आखिरी दिन था। इसके साथ ही, वकील, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश और देश की न्यायपालिका के प्रमुख के रूप में उनके एक लंबे करियर का समापन हो गया।

हालांकि असल में, वह रविवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। हमेशा अपनी बात कहने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने 500 से अधिक फैसले लिखे, जिनमें से कुछ की आलोचना भी हुई और कई की प्रशंसा की गई। चंद्रचूड़ की विरासत का एक भौतिक स्वरूप भी है - एक नयी कल्पना के अनुरूप 'न्याय की देवी'। पहले, 'न्याय की देवी' यूनानी परिधान में हुआ करती थी, जिसकी आंखों पर पट्टी बंधी थी। उसकी जगह छह फुट ऊंची नयी प्रतिमा स्थापित की गई, जिसके एक हाथ में तराजू और दूसरे हाथ में तलवार की जगह संविधान है। साड़ी पहनी हुई ▶▶|शेष पेज 4 पर

**दो साल में बड़े फैसले**

- आर्टिकल 370
- राम जन्मभूमि मंदिर
- वन रैंक-वन पेंशन
- मदरसा केस
- सबरीमाला मंदिर विवाद
- चुनावी बॉन्ड की वैधता
- सीएए-एनआरसी



- कल होंगे रिटायर, विदाई के लिए सेरेमोनियल बेंच बैठी, दी गई विदाई
- 500 से ज्यादा फैसलों से रहा नाता, तारीफें भी मिलीं और आलोचनाएं भी हुईं

### 612 फैसले लिखे

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने 9 नवंबर 2022 को भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। 13 मई 2016 को उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय से पदोन्नत किया गया था। अपने कार्यकाल में सीजेआई चंद्रचूड़ 1274 बेंचों का हिस्सा रहे। उन्होंने कुल 612 फैसले लिखे। सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा जजों में सीजेआई चंद्रचूड़ ने सबसे ज्यादा फैसले लिखे हैं।

### कमी खलेगीः जस्टिस खन्ना

नए सीजेआई का पद संभालने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा कि इन्होंने मेरा काम आसान और मुश्किल दोनों कर दिया है। आसान इसलिए क्योंकि कई रेवोल्यूशन हुए हैं, और मुश्किल इसलिए क्योंकि मैं उनकी बराबरी नहीं कर सकता, उनकी कमी हमेशा खलेगी। उनके यंग लुक की चर्चा सिर्फ यहां ही नहीं बल्कि विदेशों में भी होती है।

### जब मैं छोटा था, सुप्रीम कोर्ट आकर देखी थी कार्रवाई


सीजेआई चंद्रचूड़ ने विदाई समारोह के मौके पर भावुक होते हुए कहा, रात को मैं सोच रहा था कि दोपहर दो बजे कोर्ट खाली होगा और मैं स्क्रीन पर खुद को देख रहा होउंगा। आप सभी की मौजूदगी से मैं अभिभूत हूं। सीजेआई ने कहा, 'जब मैं छोटा था, तो सुप्रीम कोर्ट में आकर यहां की कार्यवाही और कोर्ट में लगी दो तस्वीरों को देखता था। उन्होंने कहा, बॉम्बे हाईकोर्ट में भी न्यायमूर्ति चागला का बहुत प्रभाव था।'

### अटॉर्नी जनरल और वकीलों ने की तारीफ

अटॉर्नी जनरल एआर वेंकटरमणी ने कहा कि आपने न्याय देने में पूरी तरह निष्पक्षता बरती है। हमने कभी आपके सामने झिझक महसूस नहीं की। हम हमेशा इस बात से आश्वस्त रहे कि हमने अपने केस में आपके सामने अपनी बात पूरी तरह रख दी है। इस न्यायिक परिवार के कर्ता के तौर पर आपने हमेशा एक स्टैंड लिया। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन प्रेसिडेंट कपिल सिब्बल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के अपने 52 साल के कार्यकाल में मैंने इतने ज्यादा धीरज वाला जज नहीं देखा। आप देश के ऐसे समुदायों तक पहुंचे, जिनके बारे में पहले देखा-सुना नहीं गया था। आप उन्हें कोर्ट में लाए और बताया कि न्याय होता क्या है। अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा आपने हमें सुनवाई के दौरान आईपैड का इस्तेमाल सिखाया, कम से कम मैं इस बारे में सीख गया। आपका युवा रूप हमें बूढ़ा महसूस कराता है। कम से कम इसका राज तो हमें बता दीजिए। आपके इस युवा लुक का राज योग है।

# पामेड़ में घुसी फोर्स, मुठभेड़ में तीन वर्दीधारी नक्सली ढेर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

बीजापुर के रेखापल्ली-कोमठपल्ली के जंगल में शुक्रवार को फोर्स और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया गया है। मुठभेड़ शुक्रवार सुबह 11 बजे से लगातार पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। देर शाम मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग में जवानों ने 3 वर्दीधारी माओवादियों के शव के अलावा एसएलआर राइफल व भारी संख्या में अन्य आर्म्स एम्युनेशन भी बरामद किया है।

- मौके से नक्सलियों के शव के अलावा एसएलआर राइफल और भारी मात्रा में हथियार बरामद

नक्सल प्रभावित पामेड़ स्थित रेखापल्ली के जंगल में पीएलजीए लड़ाकों की मौजूदगी की सूचना पर शुक्रवार सुबह ऑपरेशन लांच किया गया। बीजापुर के उसूर-बासागुड़ा-पामेड़ क्षेत्र में माओवादियो की मौजूदगी की सूचना पर संयुक्त पुलिस पार्टी सर्चिंग अभियान ▶▶|शेष पेज 4 पर

### शिनाख्त का प्रयास

आईजी ने बताया कि रेखापल्ली-कोमठपल्ली के जंगलों में हुए मुठभेड़ में जिन तीन वर्दीधारी माओवादियों का शव बरामद किया गया है। उनकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर मिले एसएलआर रायफल व अन्य हथियारों से मुठभेड़ में शीर्ष नक्सलियों के मारे जाने की संभावना है। बहरहाल फोर्स के लौटने के बाद मारे गए नक्सलियों के शवों की शिनाख्त व बरामद हथियारों का पता लग सकेगा। देर शाम तक फोर्स के जिला मुख्यालय बीजापुर लौटने की संभावना है। वहीं इलाके में लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

महिला आयोग का यूपी सरकार को प्रस्ताव

# महिलाओं के कपड़े का माप नहीं लेंगे पुरुष टेलर, जिम में लेडीज ट्रेनर जरूरी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के राज्य महिला आयोग ने महिला सुरक्षा को लेकर एक नया प्रस्ताव बनाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा है। प्रस्ताव में कहा गया है कि प्रदेश में पुरुष दर्जी महिलाओं के शरीर और कपड़े का माप नहीं ले सकेंगे और जिम और योगा सेंटर में महिलाओं के लिए पुरुष ट्रेनर नहीं होंगे। प्रस्ताव को अगर शासन स्तर पर मंजूरी मिलती है, तो जल्द ही इस पर नई नीति आ सकती है।

प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो गई है। बता दें कि लखनऊ में 28 अक्टूबर को महिला आयोग की बैठक हुई थी। आयोग के सदस्यों के बीच हुए मंथन के बाद महिला सुरक्षा को लेकर कई अहम फैसले लिए गए थे। अब आयोग ने सरकार के सामने प्रस्ताव रखा है।

### क्यों लिया गया यह फैसला?

पिछले दिनों कानपुर में एक जिम ट्रेनर द्वारा एकता गुप्ता नाम की शादीशुदा महिला की हत्या का मामला सामने आया था, जिसमें दोनों के बीच जिम में प्रेम हुआ, इसके बाद महिला की हत्या कर दी गई। घटना के बाद कानपुर प्रशासन ने जिम और योगा सेंटर में पहले से ऐसी व्यवस्था लागू कर दी है। पिछले उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की हुई बैठक में भी महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों का मुद्दा उठा था।

### महिला सुरक्षा को लेकर प्रस्ताव में और क्या-क्या?

प्रस्ताव के मुताबिक, जिम और योगा सेंटर में महिला ट्रेनर होनी चाहिए और उनका सत्यापन भी जरूरी है। सेंटर में आने वाले लोगों की पहचान पत्र की प्रति सुरक्षित रखी जाए। जिम और योगा सेंटर में डीवीआर के साथ सीसीटीवी एक्टिव रहना चाहिए। स्कूल की बस में महिला शिक्षक या महिला सुरक्षाकर्मी का होना जरूरी है। महिलाओं से जुड़े वस्त्र की दुकानों पर महिला कर्मचारी होनी चाहिए और कोचिंग सेंटर, बुटीक सेंटर में कैमरों और शौचालय की व्यवस्था हो।

# 370 पर बवाल, विस में 'पाकिस्तानी एजेंडा नहीं चलेगा' जैसे नारे लगे

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में शुक्रवार को तब हंगामा हुआ, जब भाजपा सदस्यों ने विशेष दर्जे के प्रस्ताव का विरोध किया। अध्यक्ष को 12 विपक्षी विधायकों और लंगेट से विधायक शेख खुर्शीद को बाहर निकालना पड़ा। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने 'पाकिस्तानी एजेंडा नहीं चलेगा' जैसे नारे लगाए। भाजपा विधायक आसन के समक्ष भी आ गए जिसके बाद अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि उन्हें बाहर निकाल दिया जाए।

## जम्मू-कश्मीर विस में हंगामा



**सीएम उमर बोले- हमने बहुत कुछ खोयाः** विधानसभा में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हमने बहुत कुछ खोया है। इस कुर्सी पर मुझे जितना समय मिला है, एक दिन भी जाया नहीं होने दूंगा।

### दुनिया की कोई ताकत 370 को बहाल नहीं कर सकती



धुले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नीत 'इंडिया' गठबंधन पर जम्मू-कश्मीर से भारत का संविधान हटाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि दुनिया की कोई ताकत वहां अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं कर सकती।

रेल संरक्षा आयुक्त ने दी रिपोर्ट

# कंचनजंगा एक्सप्रेस-मालगाड़ी की टक्कर में कर्मियों की बड़ी चूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जून के महीने में कंचनजंगा एक्सप्रेस और मालगाड़ी के बीच हुई टक्कर की जांच रिपोर्ट आ गई। इसमें मालगाड़ी ड्राइवर समेत 10 यात्रियों की जान चली गई थी, 43 यात्री घायल हो गए थे। हादसे पर जांच रिपोर्ट सौंपते हुए आयुक्त, रेलवे संरक्षा ने साफ कर दिया कि भीषण हादसे में रेलकर्मियों की अलग-अलग प्वांट्स पर फेलियर के साथ सिग्नल समस्या भी बड़ी वजह बनी। उस वक्त पश्चिम बंगाल के रंगापानी स्टेशन ▶▶|शेष पेज 4 पर



### ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली फेल

रिपोर्ट में ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली के फेल हो जाने की बेहद गंभीर जानकारी भी दी गई है। रिपोर्ट इस बात को विस्तार से अंडरलाइन किया गया है कि रानीपात्रा और छत्तरहाट रेलवे स्टेशन के बीच हादसे के समय सुबह 5.50 बजे सिग्नल सिस्टम काम नहीं कर रहा था।

सोनहत के खनखोपर नाला के पास मिला शव

# पार्क में बाघ की मौत, आंखें और नाखून गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले के गुरु घासीदास नेशनल पार्क सीमा क्षेत्र में 8 नवंबर को एक बाघ मृत हालत में मिला है। इसकी सूचना वन विभाग के अफसरों को मिलते ही हड़कंप मच गया। बाघ की आंखें व नाखून गायब हैं, इससे बाघ का शिकार किए जाने की आशंका जताई जा रही है। बहरहाल वन विभाग आगे की कार्रवाई में जुटा हुआ है।

सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को टाइगर रिजर्व क्षेत्र गुरुघासीदास नेशनल पार्क स्थित भरतपुर-सोनहत सीमा क्षेत्र के ग्राम देवसील कटवार के निकट खनखोपर नाला के पास एक बाघ को ग्रामीणों ने मृत हालत में देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। इसके बाद वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना करने ▶▶|शेष पेज 4 पर

## भैंस का शिकार करते ट्रैप कैमरे में कैद हुआ था बाघ



कोरिया जिले के पटना अंतर्गत टेमरी इलाके के जंगली क्षेत्र में अक्टूबर माह से बाघ का मूवमेंट बना हुआ है। इससे यहां के ग्रामीणों में काफी दहशत का माहौल व्याप्त है। बाघ ने दो मवेशियों का शिकार भी किया है, जो वन विभाग के ट्रैप कैमरे में कैद हो गया था। ग्राम टेमरी के जंगली क्षेत्र के आस-पास बीते 18 अक्टूबर से लगातार बाघ का मूवमेंट हो रहा है, इसके कारण क्षेत्र के ग्रामीण भयभीत थे और अपने मवेशियों के चराई के लिए भी क्षेत्र के जंगल की ओर नहीं जा रहे थे। प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों ने सुरक्षा की मांग की थी। ग्राम टेमरी क्षेत्र में कई दिनों से बाघ की आमद से जहां लोगों में भय भर गया है। इस दौरान बाघ ने दो मवेशियों का शिकार भी किया, इनमें एक गाय एवं एक भैंस शामिल है। 21 अक्टूबर को ग्राम टेमरी के कक्ष क्रमांक 428, 429 में बाघ के मूवमेंट की तस्वीर ट्रैप कैमरे में कैद कर लिया गया था।

### लड्डू विवाद की नहीं होगी सीबीआई जांच

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पूर्ववर्ती वाईएस जगन मोहन रेड्डी नीत सरकार के दौरान तिरुपति मंदिर के लड्डू बनाने में पशु चर्बी के कथित इस्तेमाल की सीबीआई जांच का आग्रह करने वाली जनहित याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता और संगठन 'ग्लोबल पीस इनिशिएटिव' के अध्यक्ष के ए पॉल द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी। पीठ ने कहा, आपके निवेदन के अनुसार, हमें सभी मंदिरों, गुरुद्वारों आदि के लिए अलग व्यवस्था बनानी होगी। हम यह निर्देश नहीं दे सकते कि किसी विशेष धर्म के लिए एक अलग व्यवस्था बनाई जाए।

चिंतन

# भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र का लक्ष्य अभी भी अधूरा

भारत में भ्रष्टाचार अभी भी नासूर बना हुआ है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी न हों। वर्ष 2014 में जब नरेन्द्र मोदी सत्ता में आए थे, तो उससे पहले भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना हजारे के आंदोलन का बड़ा योगदान था। कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार के समय 2जी, स्पेक्ट्रम, कोल ब्लॉक आवंटन, आदर्श सोसायटी, राष्ट्रमंडल खेल आदि अनेक घोटाले उजागर हुए थे। उस वक्त कालाधन भी बड़ा मुद्दा था। मोदी कालाधन वापस लाने व भ्रष्टाचार खत्म करने के वादे के साथ सत्ता में आए थे। पीएम मोदी ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में कालाधन का पता लगाने के लिए एसआईटी गठित की थी। आज दस वर्ष बाद भी उस एसआईटी व कालाधन के बारे में देश को पता नहीं है। यही स्थिति भ्रष्टाचार को लेकर भी है। इस वर्ष जनवरी में ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 में भारत दुनिया का 93वां सबसे भ्रष्ट देश है। भारत 2022 में 85वां भ्रष्ट देश था, मतलब कि एक वर्ष में ही भ्रष्टाचार के बढ़ने की वजह से आठ पायदान नीचे आ गया। वार्षिक आंकड़ों से साफ है कि वर्ष 2014 के बाद से नौ वर्ष में भी देश भ्रष्टाचार से मुक्त नहीं हो सका। आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश में भ्रष्टाचार की स्थिति पर चिंता जताई है और कहा है कि भ्रष्ट लोगों के विरुद्ध त्वरित कानूनी कार्रवाई बहुत ही जरूरी है। देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कानून हैं, भ्रष्टाचार से निपटने के लिए लोकपाल, केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), ईडी, ईओडब्ल्यू आदि एजेंसियां हैं, इसके बावजूद सरकार भ्रष्टाचार पर न नकेल कस सकी है और न ही इसके प्रति सरकारी कर्मियों में भय पैदा कर सकी है। तभी राष्ट्रपति को केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के सतर्कता जागरूकता सप्ताह समारोह कार्यक्रम में कहना पड़ा है कि भ्रष्ट लोगों के खिलाफ देर से एक्शन या कमजोर कार्रवाई से भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान को झटका लगता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सरकार के हवाले से एक आंकड़ा जरूर दिया है कि पिछले दस सालों में धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत 12 अरब डॉलर से अधिक की संपत्तियां जब्त की गई हैं। लेकिन दूसरा पहलू भी है कि नीतिगत भ्रष्टाचार के अनेक मामले सामने हैं, सिस्टेमेटिक भ्रष्टाचार के अनेक आरोपी कानून के शिकंजे से बाहर हैं, करप्शन के खिलाफ कार्रवाई में एजेंसियों पर सिलेक्टिव होने के आरोप लगे हैं। भ्रष्टाचार सिस्टम को खोखला करता है, अर्थव्यवस्था व विकास को बाधित करता है, योग्य के अवसरों को लील लेता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के मुताबिक भारत में रेलवे, पीएसयू बैंक, दिल्ली सरकार, आवासीय और शहरी विभाग, कोयला मंत्रालय, श्रम मंत्रालय, टेंडर प्रक्रिया, पीडब्ल्यूडी, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं, प्रोपर्टी रजिस्ट्रेशन व भूराजस्व विभाग, नगर निकाय, जिला कार्यालय, टैक्स विभाग, आरटीओ आदि में भ्रष्टाचार ज्यादा है। मोदी सरकार ने करप्शन पर अंकुश के लिए डिजिटल व डीबीटी समेत अनेक प्रयास किए हैं, भ्रष्टों पर एक्शन भी बढ़ा है, नोटबंदी व जीएसटी से अर्थव्यवस्था की सफाई भी की गई है, इसके बावजूद सरकारी सिस्टम में भ्रष्टाचार कायम है। राष्ट्रपति के सुझाव अगर करप्शन केस में त्वरित कार्रवाई होगी, के अलावा कानून का कड़ाई से पालन होगा, पुलिस, प्रशासनिक व न्यायिक सुधार होंगे, सरकारी विभागों व कर्मियों को जवाबदेह बनाया जाएगा, ईमानदार कर्मियों को बढ़ावा मिलेगा, तो भ्रष्टाचार में कमी आ सकती है। भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र का लक्ष्य अमृतकाल में भी अधूरा है।



उठापटक
उमेश चतुर्वेदी

# कहीं हरियाणा की राह चल न पड़े महाराष्ट्र

महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के प्रमुख दल जिस तरह आपसी खींचतान में मसरूफ हैं, उसकी वजह से अघाड़ी खेमे में आशंका जताई जाने लगी है कि महाराष्ट्र भी कहीं हरियाणा न बन जाए! इस सोच की वजह बन रही है महाविकास अघाड़ी की अंदरूनी खींचतान। कांग्रेस और एनसीपी के सहयोग से मुख्यमंत्री रह चुके उद्धव ठाकरे खुद को स्वाभाविक रूप से अघाड़ी का अगुआ मान रहे हैं। लेकिन अंदरखाने में अपने दल को आगे रखने की हर गोटी फिट कर रहे स्थानीय कांग्रेस नेतृत्व की कोशिश खुद को आगे रखने की है। कांग्रेस कुछ वैसा ही कदम उठाने की सोच रही है, जैसा उसने 2004 के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद उठाया था।

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों में महाविकास अघाड़ी के हाथों मिली महायुति को शिकस्त के चलते यह उम्मीद लगाना बेमानी नहीं है कि कुछ ऐसे ही नतीजे विधानसभा चुनावों में भी आ सकते हैं। चूंकि लोकसभा चुनाव बीते ज्यादा वक्त नहीं हुआ है, लिहाजा माना जा रहा है कि राज्य के मतदाताओं के मिजाज में बहुत बदलाव नहीं आया है। हाल ही में हुए हरियाणा विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को लेकर कुछ ऐसी ही उम्मीद जताई जा रही थी। लेकिन नतीजे उम्मीदों के ठीक उलट रहे। हरियाणा का नतीजा गवाह है कि अतीत की बुनियाद पर लड़े जाने के बाद अगले चुनाव के नतीजे उम्मीदों के मुताबिक नहीं हो सकते। इसकी वजह नाकाम रहने वाली राजनीति की अपनी गलतियां भी हो सकती हैं और सफल होने वाली राजनीति की रणनीति भी। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के प्रमुख दल जिस तरह आपसी खींचतान में मसरूफ हैं, उसकी वजह से अघाड़ी खेमे में आशंका जताई जाने लगी है कि महाराष्ट्र भी कहीं हरियाणा न बन जाए! इस सोच की वजह बन रही है महाविकास अघाड़ी की अंदरूनी खींचतान। कांग्रेस और एनसीपी के सहयोग से मुख्यमंत्री रह चुके उद्धव ठाकरे खुद को स्वाभाविक रूप से अघाड़ी का अगुआ मान रहे हैं। लेकिन अंदरखाने में अपने दल को आगे रखने की हर गोटी फिट कर रहे स्थानीय कांग्रेस नेतृत्व की कोशिश खुद को आगे रखने की है। गठबंधन में अपने दल को आगे रखना गलत नहीं है। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि ऐसा किस कीमत पर हो रहा है? हकीकत तो यह है कि कांग्रेस कुछ वैसा ही कदम उठाने की सोच रही है, जैसा उसने 2004 के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद उठाया था। तब एनसीपी और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा था और नतीजों में ज्यादा सीटें एनसीपी ने जीती थीं। लेकिन कांग्रेस ने मुख्यमंत्री पद पर ना सिर्फ दावा ठोक दिया था, बल्कि विलासराव देशमुख को मुख्यमंत्री भी बनवा लिया था। जबकि ज्यादा सीटें हासिल करने के बावजूद एनसीपी सहयोगी की भूमिका में रह गई थी।

अव्वल तो कांग्रेस इस बार ऐसी चालें चल रही हैं, ताकि उसके सबसे ज्यादा विधायक चुनाव जीतें। अगर ऐसा होगा तो उसके लिए मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोकना और उसे हासिल करना आसान होगा। लेकिन ऐसा नहीं भी हुआ तो वह 2004 को दोहराना चाहेगी। इस पूरी प्रक्रिया में कांग्रेस के स्थानीय नेतृत्व की कोशिश उद्धव ठाकरे को दौड़ में पीछे छोड़ना है। कांग्रेस अपने चुनाव अभियान में शरद पवार की अगुआई वाली एनसीपी का खयाल तो रख रही है, लेकिन शिवसेना-उद्धव के साथ वैसा तालमेल नहीं दिखा पा रही है। शरद पवार कांग्रेस से निकले हुए ही नेता हैं। उनकी वैचारिक धारा कांग्रेसी सोच के ही इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों दलों की राजनीतिक सोच ही नहीं, जमीन भी एक ही है। जबकि शिवसेना-उद्धव की राजनीतिक जमीन ही नहीं, सोच भी अलग है। उद्धव के वोटरों और कांग्रेस के वोटरों का मिजाज और जमीन भी अलग-अलग है। पिछले लोकसभा चुनाव में अगर राज्य की 48 सीटों में से 13 पर कांग्रेस काबिज होने में कामयाब रही तो इसकी बड़ी वजह एनसीपी के वोटरों का सहयोग नहीं, बल्कि शिवसेना-उद्धव के वोटरों का साथ रहा। वैसे भी समान वैचारिक राजनीतिक बुनियाद के चलते एनसीपी के प्रभाव वाले इलाकों में कांग्रेस और



कांग्रेस के प्रभाव वाले इलाकों में एनसीपी ने अपने उम्मीदवार नहीं उतारे। हकीकत यही है कि कांग्रेस और उद्धव या फिर एनसीपी और उद्धव के वोटरों के मिलन ने महाराष्ट्र की राजनीति में नई इबारत लिखी। लेकिन कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व इसे समझ नहीं रहा, बल्कि शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के धड़े को ज्यादा तवज्जो दे रहा है। इस बीच शरद पवार ने इस चुनाव के बाद राजनीति से संन्यास के संकेत दे दिए हैं।

वैसे माना जा रहा है कि यह उनका जज्बाती दांव भी हो सकता है। संन्यास के संकेत के जरिए शरद मतदाताओं को संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके आखिरी चुनाव में उन्हें मौका दें। इसके जरिए वे एक तरफ वोटरों की हमदर्दी हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं तो दूसरी तरफ वे अजित पवार के खेमे को शिकस्त देने की कोशिश कर रहे हैं। एक बारगी मान भी लें कि पवार इस चुनाव के बाद राजनीति से संन्यास ले ही लेंगे तो यह सवाल लाजमी है कि उनके बाद एनसीपी का क्या होगा। पवार चाहेंगे कि उनके बाद उनकी बेटी सुप्रिया सुले ही पार्टी की कमान संभाले। लेकिन ऐसा होना आसान नहीं लगता। शरद के बाद पार्टी का बड़ा हिस्सा अजित पवार की ओर दौड़ लगा सकता है। जिसकी बात अजित से नहीं बनेगी, वह मजबूरीवश कांग्रेस की ओर जा सकता है। महाविकास अघाड़ी में इस वजह से अंदरूनी खींचतान बढ़ी हुई है। ऐसे में मतदान के दिन वोटरों का एक धड़ा अपना मन बदल ले और सत्ताधारी महायुति की ओर हाथ बढ़ा दे तो उसकी कीमत महाविकास अघाड़ी को ही चुकानी पड़ेगी। इस तथ्य को महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेनिथला गहराई से महसूस कर रहे हैं। इसलिए वे महाराष्ट्र की कांग्रेसी राजनीति को लंबे समय तक संभाल चुके नेताओं का सहयोग हासिल करने के लिए कांग्रेस आलाकमान से गुहार लगा रहे हैं। ताकि हरियाणा जैसे नतीजों से बचा जा सके। वैसे कांग्रेस को उद्धव ठाकरे के स्वभाव को भी नहीं भूलना चाहिए। 2019 के विधानसभा चुनावों में उद्धव ठाकरे ने बीजेपी के साथ चुनाव लड़ा था। तब शिवसेना की सीटें कम आई थीं। इसके बावजूद वे मुख्यमंत्री बनने पर अड़ गए, जिसकी वजह से गठबंधन टूटा और शरद पवार के प्रयासों से उद्धव को हाथ का साथ मिला और उद्धव मुख्यमंत्री बनने में कामयाब रहे। ऐसे में यह मान लेना कि अगर कांग्रेस की ज्यादा सीटें आई तो उसका ही मुख्यमंत्री बनेगा, गलत होगा। उद्धव खुद को ही मुख्यमंत्री के रूप में आगे करने से नहीं हिचकेंगे। जिस पद के लिए उद्धव को बीजेपी से दशकों पुराना गठबंधन तोड़ने में हिचक नहीं हुई, उसी पद के लिए भला वे कांग्रेस को कैसे वाकओवर दे देंगे। महाविकास अघाड़ी में एनसीपी-शरद ऐसा दल है, जिसे हर हाल में सत्ता चाहिए। वैसे शरद के लिए फिलहाल पार्टी को बचाए रखना बड़ी चुनौती होगी। महाराष्ट्र के लोकसभा चुनाव नतीजों के हिसाब से देखें तो महाविकास अघाड़ी को 288 सदस्यीय विधानसभा में 153 सीटों पर बढ़त हासिल हुई थी, जबकि महायुति को 126 सीटों पर बढ़त मिली। संख्या के लिहाज से यह अंतर ज्यादा लगता है। लेकिन विधानसभा चुनावों के चरित्र के लिहाज से देखें तो यह अंतर बड़ा नहीं है। आपसी राजनीतिक खींचतान और गठबंधन के अविश्वास इस अंतर को पाटने के सहयोगी औजार बन सकते हैं। फिर बीजेपी मराठा बनाम अन्य के लिहाज से जातीय समीकरण बनाने की कोशिश में जुटी हुई है। ऐसे में अगर वह फिर से बाजी मार ले तो हैरत नहीं होगी। महाविकास गठबंधन की आपसी खींचतान, कांग्रेस की अंदरखाने में उद्धव पर वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश बीजेपी को अपना लक्ष्य हासिल करने में मददगार हो सकती है। यह कहना मुश्किल है कि कांग्रेस का नेतृत्व इस तथ्य को समझ रहा है या नहीं।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

विमर्श
कृष्णमोहन झा



# ट्रम्प की जीत भारत के लिए अच्छा संकेत

अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव में प्रचंड जीत हासिल कर डोनाल्ड ट्रम्प दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति के 47वें राष्ट्रपति बन गए हैं। उन्होंने दूसरी बार राष्ट्रपति बनने का गौरव भी प्राप्त किया है। गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार के रूप में लगातार तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे थे। डोनाल्ड ट्रम्प पहली बार 2016 के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन को हराकर राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे परन्तु 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। इस बार उनका मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस से था जिनकी स्थिति काफी मजबूत मान जा रही थी परन्तु चुनाव परिणाम उनकी उम्मीदों के विपरीत रहे। राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडेन के कार्यकाल में ही यह आभास होने लगा था कि कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प को चुनौती देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कमला हैरिस ने पूरी ताक़त के चुनाव लडा परंतु अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनकर इतिहास रचने का उनका सपना पूरा नहीं हो सका। डोनाल्ड ट्रम्प ने इस चुनाव में 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' नारा दिया था। उनका पूरा चुनाव प्रचार इसी नारे के इर्द-गिर्द घूमता रहा। चुनाव परिणामों से यह अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि ट्रम्प का यह नारा मतदाताओं को आकर्षित करने में बेहद सफल रहा। दूसरी ओर डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार और पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के भाषणों में स्पष्टता का अभाव था। उन्हें निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन की गलतियों का खामियाजा भी भुगतना पड़ा। गौरतलब है कि जो बाइडेन ने प्रेसीडेंशियल डिबेट में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प का सामना न कर पाने के कारण चुनाव से पहले ही अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी। उसके बाद कमला हैरिस को उम्मीदवार बनाया गया। इस कारण कमला हैरिस को चुनाव प्रचार के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल सका। इसके अलावा कमला हैरिस ने अपने भाषणों में डेमोक्रेटिक पार्टी की आर्थिक नीतियों और महत्वपूर्ण ज्वलंत अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर पार्टी के दृष्टिकोण को पूरी स्पष्टता के साथ मतदाताओं के प्रस्तुत करने में भी असफल रहीं। इसके बजाय उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रम्प पर व्यक्तिगत आक्षेप करने में ज्यादा दिलचस्पी दिखाई। डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति चुने जाने पर अब यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि अपने दूसरे कार्यकाल में वे भारत -अमेरिका संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए नये सिरे से पहल करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्रम्प को दूसरी बार राष्ट्रपति चुने जाने पर भेजे अपने बधाई संदेश में जिस तरह उन्हें 'मेरे मित ' संबोधन के साथ उनकी जीत को ऐतिहासिक बताया है उससे ट्रम्प के साथ मोदी की केमिस्ट्री को भली-भांति समझा जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है आप अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं को आगे बढ़ा रहे हैं। मैं भारत-अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए आपसी सहयोग को नवीनीकृत करने हेतु तत्पर हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रौद्योगिकी, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और कई अन्य क्षेत्रों में भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की। प्रत्युत्तर में डोनाल्ड ट्रम्प ने भी भारत को शानदार देश बताते कहा कि मोदी एक शानदार इंसान हैं। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प जब भारत प्रवास पर आए थे तब उनके सम्मान में आयोजित 'नमस्ते ट्रम्प' कार्यक्रम ने उन्हें अभिभूत कर दिया था। प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनके संबंधों की प्रगाढ़ता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव में भारतीय मतदाताओं का समर्थन प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को अमेरिका आमंत्रित किया था। प्रधानमंत्री मोदी की 'हाउडी मोदी' रैली ने अमेरिका में भारतीय मतदाताओं पर गहरा प्रभाव छोड़ा था। पूर्व राजदूत और उप सुरक्षा सलाहकार पंकज सरन कहते हैं कि राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में भारत और अमेरिका के रिश्ते और मजबूत होंगे। राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प की जीत को पंकज सरन भारत के लिए अच्छा संकेत मानते हैं। उनका मानना है कि कुछ समस्याएं हैं जिनका समाधान बातचीत से निकल सकता है। वे कहते हैं कि रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के मुद्दे पर अब हम बड़ा बदलाव महसूस कर सकते हैं। पूर्व राजनयिक अशोक सज्जन कहते हैं कि अमेरिका में कोई भी पार्टी सत्ता में रही हो, भारत और अमेरिका के संबंध में विस्तार हुआ है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

## भगवान जी आप अपना ध्यान रखना



संकलित
प्रेरणा

एक बच्चा रोज अपने दादा जी को सायंकालीन पूजा करते देखता था। बच्चा भी उनकी इस पूजा को देखकर अंदर से स्वयं इस अनुष्ठान को पूर्ण करने की इच्छा रखता था, किन्तु दादा जी की उपस्थिति उसे अवसर नही देती थी।एक दिन दादा जी को शाम को आने में विलंब हुआ, इस अवसर का लाभ लेते हुए बच्चे ने समय पर पूजा प्रारम्भ कर दी। जब दादा जी आये, तो दीवार के पीछे से बच्चे की पूजा देख रहे थे। बच्चा बहुत सारी अगरबत्ती एवं अन्य सभी सामग्री का अनुष्ठान में यथाविधि प्रयोग करता है और फिर अपनी प्रार्थना में कहता है। भगवान जी प्रणाम ! आप मेरे दादा जी को स्वस्थ रखना और दादी के घुटनो के दर्द को ठीक कर देना, क्योंकि दादा-दादी को कुछ हो गया, तो मुझे चॉकलेट कौन देगा। फिर आगे कहता है, भगवान जी मेरे सभी दोस्तों को अच्छा रखना, वरना मेरे साथ कौन खेलेगा। फिर मेरे पापा और मम्मी को ठीक रखना, घर के कुत्ते को भी ठीक रखना, क्योंकि उसे कुछ हो गया, तो घर को चोरों से कौन बचाएगा। लेकिन भगवान यदि आप बुरा न मानो तो एक बात कहू, सबका ध्यान रखना, लेकिन उससे पहले आप अपना ध्यान रखना, क्योंकि आपको कुछ हो गया, तो हम सबका क्या होगा। इस सहज प्रार्थना को सुनकर दादा की आंखों में भी आंसू आ गए, क्योंकि ऐसी प्रार्थना उन्होंने कभी नहीं की थी। हमें उन परमपिता का हमेशा आभारी होना चाहिए जिन्होनें हमें बिना माँगे सब कुछ दिया है।

अंतर्मन




आज की पाती

### उचित जीवनशैली बचाएगी कैंसर से

सात नवंबर को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया गया। पहली बार यह दिवस वर्ष 2014 में मनाया गया था। कहा जाता है कि यह नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन पर मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी नोबेल पुरस्कार दिया गया था। वह रेडियो एक्टिविटी की खोज करने के कारण भी प्रसिद्ध थी। इस दिवस को मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को कैंसर से बचने के तौर-तरीकों के प्रति जागरूक करना भी है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। यह ऐसी बीमारी है जिसके बारे में लोगों को तब पता चलता है जब यह व्यक्ति को मौत के करीब ले आती है। हालांकि अब विज्ञान ने स्वास्थ्य क्षेत्र में भी तरक्की की है, जिस कारण कैंसर का इलाज संभव हुआ है। - **अशोक साहू**, डोगरगढ़

ट्रेंड

### संविधान का अपमान

राहुल बाबा और कांग्रेस पार्टी ने महाराष्ट्र की जनसभा में संविधान की प्रति के नाम पर खाली किताब बाँट कर संविधान का अपमान करने का काम किया है। संविधान के नाम पर वोट माँगने वाले राहुल गाँधी संविधान के साथ जालसाजी करते हैं।



-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### गलत नीतियां दबाएंगे

8 साल पहले जब नोटबंदी लागू की गई थी, तब की तुलना में भारत आज भी अधिक नकदी का उपयोग कर रहा है। व्यवसायों के लिए भय का माहौल बनाने वाली अक्षम और गलत इरादे वाली नीतियां दबा दी जाएंगी।



-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### घुसपैठियों को निकालेंगे

झारखंड की यह धरती संकट में है। बांग्लादेशी आ रहे हैं और हमारी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही विदेशी घुसपैठियों को वापस बांग्लादेश भेज दिया जाएगा।



-शिवराज सिंह चौहान, पूर्व सीएम मप्र

### नीतिगत जरूरत

एक जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाना भारत के लिए नौकरी आधारित विकास का तरीका है। मुझे विश्वास है कि मोदी सरकार हमें एक गहरी विचार वाली अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नीतिगत जरूरतों के साथ तालमेल बनाए रखेगी।



-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर

## म्यांमा के रखाइन राज्य में पड़ सकता है भयंकर अकाल

म्यांमा में सरकारी बलों और शक्तिशाली जातीय समूहों के बीच संघर्ष से प्रभावित अल्पसंख्यक रोहिंग्या समुदाय बहुल रखाइन प्रांत को निकट भविष्य में भयंकर अकाल का सामना करना पड़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र विकास एजेंसी ने एक नयी रिपोर्ट में इस बारे में आगाह किया है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि एक भयानक तूफान उभर रहा है, जिसने पश्चिमी रखाइन प्रांत को अभूतपूर्व आपदा के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। इसमें म्यांमा के अन्य स्थानों और पड़ोसी बांग्लादेश से सामानों की आपूर्ति पर प्रतिबंध, निवासियों के लिए रोजगार का अभाव, अत्यधिक महंगाई, खाद्य सामग्री के उत्पादन में उल्लेखनीय गिरावट, तथा आवश्यक सेवाओं व सामाजिक सुरक्षा तंत्र के अभाव समेत एक दूसरे से जुड़े घटनाक्रमों की ओर इशारा किया गया है। यूएनडीपी ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप पहले से ही अत्यधिक असुरक्षित आबादी, आने वाले महीनों में पतन के कगार पर पहुंच सकती है। बौद्ध बहुल म्यांमा लंबे समय से रोहिंग्या मुस्लिम अल्पसंख्यकों को बांग्लादेश से आए "बंगाली" मानता रहा है, जबकि उनके परिवार पीढ़ियों से देश में रह रहे हैं। देश ने 1982 से लगभग सभी लोगों को नागरिकता देने से इनकार कर दिया है।



ऑफ बीट

## वजन घटाने उपवास या कम खाना क्या सबसे कारगर

दुनिया भर में आठ में से एक व्यक्ति मोटापे से ग्रस्त है। यह एक समस्या है क्योंकि अतिरिक्त वसा से टाइप-2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। मोटापे को नियंत्रित करने और वजन बढ़ने से रोकने के लिए अपने आहार में बदलाव करना महत्वपूर्ण है। इसमें आपके कैलोरी सेवन को कम करना, अपने खाने के पैटर्न को बदलना और स्वस्थ भोजन को प्राथमिकता देना शामिल हो सकता है। लेकिन क्या वजन घटाने के लिए एक फार्मूला दूसरे की तुलना में अधिक सफल होने की संभावना रखता है? हमारे नए शोध में वजन घटाने के तीन तरीकों की यह देखने के लिए तुलना की गई कि क्या कोई एक तरीका दूसरों की तुलना में अधिक वजन कम करता है : कैलोरी वितरण में परिवर्तन – दिन में बाद में खाने की बजाय पहले अधिक कैलोरी का सेवन, कम भोजन खाना, इंटरमिटेंट फास्टिंग (खाने का ऐसा पैटर्न जिसमें नियमित समय पर उपवास और भोजन की अवधि का एक चक्र चलता है)। हमने लगभग 2,500 लोगों को शामिल करते हुए 29 नैदानिक परीक्षणों के आंकड़ों का विश्लेषण किया। हमने पाया कि 12 सप्ताह या उससे अधिक समय में, तीनों तरीकों से समान रूप से वजन में 1.4 से 1.8 किलोग्राम तक कमी आई।




MARUTI SUZUKI ARENA
UP YOUR GAME WITH THE
SWIFT
BLITZ EDITION
TIME TO GO
#SWIFTING
SWIFT
BLITZ EDITION
GET ACCESSORY PACKAGE OF UP TO
₹ 60 143**
Best-In-Segment Mileage#
CNG 32.85^ km/kg
PETROL 25.75^ km/l
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
*3 years or 100 000 km whichever is earlier.
Z SERIES ENGINE
Infotainment System (22.86 cm/9 inch)
Rear Underbody Spoiler
Fog Lamp
SWIFT
Illuminated Door Sill Guard
Rear Upper Spoiler
SWIFT
TEST DRIVE TODAY | CALL 1800 102 1800 | WWW.MARUTISUZUKI.COM/SWIFT
~BENEFITS UP TO ₹ 18 100
VISHWABHARTI AUTOMOBILES
RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047. BASNA: 6262620031. ARANG: 6262620007/14.
HDN MOTORS
RAIPUR: TATIBANDH: CALL: 7909800007, 7909800005. BAGBAHRA : 7909800034. KURUD: 7909800050. SIMGA: 7909800070.
CHOUHAN AUTOMOBILES
BHILAI: 7222910011, 22, 33. KAWARDHA :7222910044. BEMETERA: 7222910025. BALOD: 7222910012. DALLIRAJHARA: 7222910029
SKY AUTOMOBILES
RAIPUR: MAHOBA BAZAR: CALL: 9893307422,9584433191. AVANTI VIHAR: CALL: 9109900120, 9584433131. DHAMTARI: CALL: 9893307417. BALODA BAZAR: CALL: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: CALL: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.
SPARSH AUTOMOBILES
RAIPUR: PACHPEDI NAKA: CALL: 9926127774, 8435059922. MAHASAMUND: CALL: 8435019922. RAJIM: CALL: 9926104449. BHATAPARA: CALL: 9285505780. GARIYABAND: 9753225616. PITHORA: 9926602080. CHARODA: CALL: 6262043029. DURG: CALL: 6262043029. DONGARGARH: CALL: 9827643832. RAJNANDGAON: CALL: 9977039992. BHILAI: CALL: 9826440009, 9689214825. KHAIRAGARH: 8839811678.
Creative visualisation. Accessories and features shown may not be part of standard fitment and may vary according to variant. Images used are for illustration purposes only. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Colours shown may vary from actual body colours due to printing on paper. ^Fuel efficiency as certified by test agency Rule 115 of CMVR 1989.#The claim 'Best-in-Segment Mileage' is supported by JATO Dynamics certificate dated 30th April 2024 for Petrol & 27th August 2024 for CNG. **Offers may vary subject to the model and variant purchased. All offers are applicable till 30th November'24 or till stocks last. ~All offers brought to you by ARENA dealers only.

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ0रा0 विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कम्पनी) सी.आई.एन–U40108CT2003SGC015820
पता–कार्यालय कार्यपालन यंत्री (उपकेंद्र) संभाग–1, गुढ़ियारी, रायपुर,.
E-mail Id:- eess1trans.raipur@gmail.com मो नं.– 7898987481 वेबसाईट. www.cspc.co.in

क्रमांक 10–63/क्रय/1292 रायपुर, दिनांक 08/11/2024

//निविदा आमंत्रण सूचना//

**जीप श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु**

कार्यपालन अभियन्ता (उपकेन्द्र) संभाग–एक, छ0ग0स्टेट पॉवर ट्रान्स0कं0लिमि0, गुढ़ियारी, रायपुर के लिए वाहन चालक सहित 01 नग जीप श्रेणी (महिन्द्रा बोलेरो/टाटा सुमो) अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध **(दो वर्ष)** हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | निविदाओं को खोलने की निर्धारित तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनांक 26.11.2024 समय 17:00 बजे तक | दिनांक 29.11.2024 समय 15:00 बजे तक | दिनांक 29.11.2024 समय 15:30 बजे |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट **http://cspc.co.in** से डाउनलोड की जा सकती है।

(इंजी. धनेश कुमार देवांगन)
कार्यपालन यंत्री (उपकेन्द्र) संभाग–1
छ.ग.स्टेट.पावर.ट्रांस.कं.लिमि. रायपुर

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाऐं



**OFFICE OF THE DISTRICT AYUSH OFFICE JAGDALPUR, DISTRICT BASTAR (C.G.)**
**Telephon & Fax No. :- 07782-227927**
**EMAIL:- cgayushjagdalpur@gmail.com**

No./Plan/Contingency/2024/2115 Jagdalpur, Date 08/11/2024

**// Tender Notice //**

In the financial year 2024-25, sealed tenders are invited for procurement of contingency material from local vendors at the prescribed rate (whatever discount is available in favour of the government) for Community/Primary Health Centre Ayurveda/Homeo AYUSH District Bastar and Kondagaon operated under the District AYUSH Office Jagdalpur of the district. In the two bid tender, it will be mandatory to write Pre Qualified on the first envelope (A) and Price Bid on the second envelope (B) in red ink. Tenders received after the prescribed date and time will not be considered. The concerned registered firm can deposit the head item of the government: (0210 Medical and Public Health, 03 Medical Education Training and Research, 101 Ayurveda, 0753 Miscellaneous) through challan in the bank, submit a copy of the challan, information about the tender form rules and conditions can be obtained from the office during office days.

1. Last date for sale of tender - 13/11/2024 till 05:30 PM.
2. Last date for submission of tender - 14/11/2024 till 12:00 PM.
3. Date of opening of tender - 14/11/2024 at 02:00 PM.

**District Ayush Officer**
**District Bastar, Jagdalpur (CG)**
G-242503686/3



**"छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग" धमतरी वनमंडल धमतरी**

**काष्ठागार नीलाम का संक्षिप्त विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि धमतरी वनमंडल धमतरी के अन्तर्गत **धमतरी काष्ठागार** में संग्रहित ईमारती काष्ठ, बल्ली एवं बांस का घोष विक्रय द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे घोष विक्रय में भाग लेवें। घोष विक्रय की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/वन काष्ठागार धमतरी से प्राप्त की जा सकती है। कृपया बोली लगाने से पूर्व वनोपज का स्वतः स्थल निरीक्षण कर लेवें।

**नीलाम स्थल का नाम** - **धमतरी काष्ठागार परिसर**
**नीलाम दिनांक** - **11 नवम्बर 2024**
**नीलाम समय** - **प्रातः 09.00 बजे से**

**नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| प्रजाति | अविक्रित वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|
| | लट्टा घ.मी. | बल्ली/खूंटा नग में | लट्टा घ.मी. | बल्ली/खूंटा नग में |
| सागौन | 69.128 | 1789 | 69.128 | 1789 |
| बीजा | 21.611 | - | 21.611 | - |
| शीशम | 1.814 | - | 1.814 | - |
| खम्हार | 0.920 | - | 0.920 | - |
| हल्दू / मुण्डी | 21.808 | - | 21.808 | - |
| साजा | 8.727 | - | 8.727 | - |
| पापड़ा | 8.924 | - | 8.924 | - |
| नीलगिरी | 7.650 | - | 7.650 | - |
| अन्य | 44.015 | - | 44.015 | - |
| योग- | **184.597** | **1789** | **184.597** | **1789** |

**जलाऊ**

| प्रजाति | काष्ठागार धमतरी | योग | केन्द्रीय उपभोक्ता डिपो श्यामतराई | कुरूद डिपो में पुराना बांस विभिन्न साईज के टुकड़ो में (साईज 5.50 मीटर) |
|---|---|---|---|---|
| | नया | | पुराना बांस | |
| नीलगिरी जलाऊ चट्टा | 02 | 02 | 1923 नग | 1000 नग |
| मिश्रित जलाऊ चट्टा | 42 | 42 | | |
| योगः- | 44 | 44 | | |

**टीपः- बांस के पश्चात ईमारती काष्ठ एवं बल्ली का नीलाम किया जावेगा।**
**टीप :- (1)** प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व नीलाम की शर्तों का पालन करने के करार के प्रतीक स्वरूप विक्रय सूचना पर अपना हस्ताक्षर करना होगा तथा प्रत्येक लाट के संबंध में बोली लगाने के पूर्व जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता हो उसके 10% के बराबर राशि या 1000/- (एक हजार) रूपये इसमें से जो भी अधिक हो की बयाने की राशि जमा करना होगा। **(2)** घोष विक्रय हेतु निर्धारित शर्तों के तहत सत्यंकार जमा करने वाला व्यक्ति/ संस्थान, छत्तीसगढ़ काष्ठ नियम 7 के अन्तर्गत प्रदेश के अधीन किसी क्षेत्रीय वनमण्डल में विनिर्माता, व्यवसायी या उपभोक्ता के रूप में पंजीकृत हों, जिसकी छायाप्रति सत्यंकार राशि जमा करते समय अनिवार्य रूप से जमा करावें, शर्त के पालन होने की स्थिति में ही इच्छुक व्यक्ति / संस्थान ही घोष विक्रय में भाग ले पायेंगे। पंजीकृत नही होने पर उन्हें पंजीयन कार्यवाही वनमण्डल कार्यालय से अनिवार्य रूप से कराना होगा। **(3)** क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व संबंधित फर्म का पूर्ण पता पेन नम्बर, जी.एस.टी. नम्बर एवं मोबाईल नम्बर ई.एम.डी. कक्ष में सुचारू रूप से कार्य संचालन हेतु अंकित कराना अनिवार्य है। **(4)** नीलाम में क्रय किये गये लाटों का विक्रय मूल्य सहित विवरण ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।


**फोन- 07722-238371, फैक्स- 07722-236137**

**वनमंडलाधिकारी**
**धमतरी, वनमंडल धमतरी**
G- 242503695/2


## पुतिन ने मोदी के नेतृत्व को सराहा

# भारत वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल होने का हकदार

एजेंसी ▶▶ मॉस्को



पुतिन ने भारत की स्वतंत्रता की घोषणा में सोवियत संघ की भूमिका को भी याद किया, जिस वजह से दोनों देशों के बीच गुणवत्ता और विश्वास की दृष्टि से अद्वितीय संबंध निर्मित हुए। यह हमारे लिए सभी आयामों में द्विपक्षीय संबंध विकसित करने का आधार है। पुतिन ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार लगभग 60 अरब अमेरिकी डॉलर का है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत की तारीफ करते हुए कहा कि भारत दशकों से एक स्वाभाविक सहयोगी और साझेदार है। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता में सोवियत संघ की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। रूसी राष्ट्रपति ने भारत को विश्व की शक्तियों में शामिल किए जाने की बात कही।

### रक्षा क्षेत्र में कर रहे सहयोग

रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और रूस रक्षा क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं के पास कई रूसी हथियार हैं। इससे दोनों देशों के बीच के भरोसे का पता चलता है। हम भारत को सिर्फ अपने हथियार नहीं बेचते, हम संयुक्त अनुसंधान और उन्हें संयुक्त रूप से डिजाइन करने में लगे हुए हैं। उन्होंने ब्रह्मोस को भारत-रूस संयुक्त सहयोग का उदाहरण बताया। पुतिन ने कहा कि ब्रह्मोस सिस्टम का इस्तेमाल हवा और समुद्र में किया जाता है।

### भारत एक महान देश

गुरुवार को सोची में वल्दाई डिस्कशन क्लब को संबोधित करते हुए पुतिन ने भारत को एक महान देश बताया और कहा कि मॉस्को और नई दिल्ली सभी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा रहे हैं। हम भारत के साथ अपने संबंधों को सभी दिशाओं में विकसित कर रहे हैं। भारत एक महान देश है। इसकी जीडीपी 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है।

### भारत के साथ सहयोग निरंतर बढ़ रहा

पुतिन ने कहा कि भारत के साथ हमारे संबंध कहां और किस गति से विकसित होंगे, यह आज की वास्तविकताओं पर आधारित है। हमारा सहयोग निरंतर बढ़ रहा है। पुतिन ने भारत की स्वतंत्रता की घोषणा में सोवियत संघ की भूमिका को भी याद किया, जिस वजह से दोनों देशों के बीच गुणवत्ता और विश्वास की दृष्टि से अद्वितीय संबंध निर्मित हुए। यह सभी आयामों में द्विपक्षीय संबंध विकसित करने का आधार है। पुतिन ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार लगभग 60 अरब अमेरिकी डॉलर का है।

**महाराष्ट्र में शाह ने चुनावी रैली में शरद पवार को दी चेतावनी**

# आपकी 4 पीढ़ियां भी '370' को वापस नहीं ला सकतीं

एजेंसी ▶▶ शिराला



महाराष्ट्र में एक रैली के दौरान अमित शाह ने कहा कि शरद पवार की चार पीढ़ियां भी जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस नहीं ला सकतीं। महाराष्ट्र के शिराला में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस पार्टी ने जम्मू कश्मीर विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें अनुच्छेद 370 को वापस लाने की मांग की गई है कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग नहीं है। आज मैं संभाजी महाराज की धरती से कह रहा हूं शरद पवार साहब, अगर आपकी चार पीढ़ियां भी आ जाएंगी तो भी हम अनुच्छेद 370 को वापस नहीं आने देंगे।

**पीएम मोदी का वादा पत्थर की लकीर :** शाह ने कहा कि 'ये अघाड़ी वाले न देश को सुरक्षित कर सकते हैं, न देश का सम्मान बढ़ा सकते हैं। अगर ये काम करना है, तो पीएम मोदी का हाथ मजबूत करना होगा। पीएम मोदी का वादा पत्थर की लकीर है।

## दिल्ली में प्रदूषण से निपटने ड्रोन से पानी का छिड़काव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को शहर के आनंद विहार इलाके में प्रायोगिक तौर पर ड्रोन से पानी का छिड़काव किया। आनंद विहार शहर के सर्वाधिक प्रदूषित इलाकों में से एक है। इस दौरान दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सर्वाधिक प्रदूषित इलाकों में एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) शहर के औसत स्तर से अधिक है। राय ने बताया कि वर्तमान में दिल्ली में 200 से अधिक 'एंटी-स्मॉग गन' तैनात हैं जिनसे हवा की धूल को कम करने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

# समकालीन मुद्दों से निपटने में अहम, भारत-आसियान सहयोग

## थिंक-टैंक नेटवर्क के आठवें गोलमेज सम्मेलन में बोले जयशंकर

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि आसियान और भारत मिलकर दुनिया की एक चौथाई से अधिक आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत-आसियान साझेदारी अब अपने चौथे दशक में है और इसमें अपार संभावनाएं हैं। द्विपक्षीय और त्रिपक्षीय संबंधों ने हमारे पास लाने में योगदान दिया है।

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आसियान-भारत थिंक-टैंक नेटवर्क के आठवें गोलमेज सम्मेलन में कहा कि नई दिल्ली और आसियान प्रमुख जनसांख्यिकी हैं। इनके बीच का सहयोग समकालीन मुद्दों से निपटने, खाद्य तथा स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और म्यांमार जैसे साझा क्षेत्र में राजनीतिक चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण हो सकता है। विदेश मंत्री सिंगापुर की एक दिवसीय यात्रा पर पहुंचे हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत और आसियान प्रमुख जनसांख्यिकी हैं जिनकी उभरती मांगें न केवल एक-दूसरे का समर्थन कर सकती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था" बड़ी उत्पादक ताकतें बन सकती हैं।

### सिंगापुर के राष्ट्रपति और पीएम के साथ की चर्चा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को सिंगापुर के राष्ट्रपति थरमन षनमुगारत्नम, पीएम व वित्त मंत्री लॉरेंस वॉन्ग, डिप्टी पीएम और व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम योंग और विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन से मुलाकात कर दोनों देशों की द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वॉन्ग के साथ मुलाकात में टेक्नॉलॉजी, कौशल दक्षता पर चर्चा की और औद्योगिक सहयोग पर चर्चा हुई। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने डिप्टी पीएम और व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम योंग से मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि औद्योगिक पार्क, हरित ऊर्जा, कौशल, नवाचार और सेमीकंडक्टर पर ध्यान केंद्रित करते हुए दोनों देशों के बीच समकालीन साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।"


**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)/(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी) CIN No. U40108CT20035GC015822,
कार्यालय – अधीक्षण अभियंता (नगर) वृत्त छ.स्टे.पा.डि.कं.लि.दुर्ग Email ID – secc.durg@cspc.co.in

क्रमांक/372000/क्रय शाखा/निविदा/3895 दुर्ग, दिनांक 05.11.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना (E-Bidding)**

अधीक्षण अभियंता (नगर) वृत्त छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग के अधीनस्थ **कार्यपालन अभियंता (स्कडा/डी.एम.एस.) नियंत्रण केन्द्र दुर्ग** में मेंटनेंस कार्य हेतु निजी **वाहन (पिकअप टाईप – 2 (1.7 – 2.2 टन क्षमता) वाहन चालक सहित) बाह्य स्त्रोत** से **02 वर्ष** हेतु अस्थायी अल्पकालिन अनुबंध हेतु ठेकेदारों से E-Bidding के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्रमांक (RFX No) | कार्य का नाम | अनुमानित निविदा मूल्य | निविदा मूल्य (वापसी योग्य नहीं) | बयाना राशि (वापसी योग्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 8100040059 | निजी वाहन **(पिकअप टाईप – 2 (1.7–2.2 टन क्षमता) वाहन चालक सहित) बाह्य स्त्रोत से** | **12,40,416.00** | 2000.00 (Inclusive of GST 18%) | 12,500.00 |

| | | |
|---|---|---|
| ऑन लाईन निविदा जमा करने की तिथि व समय | 25.11.2024 | दोप. 12.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 25.11.2024 | दोप. 12.30 बजे |

01.इच्छुक वाहन ठेकेदार उपरोक्त निविदा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के ऑनलाईन SAP-SRM पोर्टल के माध्यम से जमा कर सकेंगें तथा निविदा मूल्य एवं बयाना राशि SAP-SRM पोर्टल के माध्यम से Online जमा किया जाना है। **निविदा मूल्य एवं बकाया राशि (चालान) PDF Download कर Scan कर टेण्डर Document के साथ संलग्न करना अनिवार्य है** ।02.SAP-SRM पोर्टल में भावपत्र दो भागों में भरा जावे प्रथम भाग में 1250 कि.मी. तक Base Rate एवं द्वितीय भाग में 1250 कि.मी. से अधिक चलने पर प्रति कि.मी. दर भरा जावे ।03. निविदा में भाग लेने की प्रकिया एवं निविदा के संबंध में अर्हता व कार्यों के संपादन संबंधी विस्तृत जानकारी निविदा प्रपत्र में संलग्न है ।04.किसी भी प्रकार की देरी या तकनीकि बाधा के बाबत् कंपनी जिम्मेदार नहीं होगा ।05.निविदा उपरोक्त नियत तिथि व समय में E-Bidding के माध्यम से खोला जावेगा ।06.प्रतिनिधियों को अपना अधिकृत प्रमाण पत्र On line Scan कर जमा करना आवश्यक है ।07.अनुबंध/आदेश की अवधि 01 माह की नोटिस पर किसी भी समय समाप्त की जा सकती है ।08.निविदा निरस्त/संशोधन करने का अधिकार कंपनी के पास सुरक्षित होगा ।09. वाहन ठेकेदार को कार्य पर लगाए जाने वाले वाहन का संपूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न प्रोफार्मा में जमा करना अनिवार्य है।

**Details of NIT and Tender Documents are available on our website – For external users : https://ebiding.cspcl.co.in:50724/irj/portal helpline no. 0771-2576672 (EITC, CSPDCL). The bidder must have a valid Digital signature and Sap SRM User ID.For e-bidding training is scheduled at EITC (to help bidders for participation through e-bidding), on every working Wednesday from 3.00 PM to 5.00 PM.Java configuration changes are to be done in the exception site list. The process is – open Java by following the path control panel >Java>security Tab> Exception Site list Click on Edit site list "Add the web link "https://cisrp.cspcl.co.in:1443" in exception site list.**

अधीक्षण अभियंता (नगर) वृत्त
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमिटेड, दुर्ग

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचायें


**कनाडा के शूटर से सुपारी देकर मरवाने का शक**

# डबरा में हत्या के आरोपी को सड़क पर गोलियों से भूना, मौके पर ही हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबरा



**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात**

ग्वालियरा के डबरा में जसवंत सिंह गिल की गुरुवार शाम करीब 7.20 बजे बीच सड़क पर गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। जसवंत ने आठ साल पहले पत्नी के ममेरे भाई सुखविंदर सिंह की गोली मारकर हत्या की थी। मामा रजविंदर व मामी को भी गोली मारी थी। इस मामले में उसे आजीवन कारावास की सजा हुई थी। 28 अक्टूबर को 15 दिन की पैरोल पर जेल से बाहर आया था। बाइक पर सवार होकर आए दो शूटरों ने उसकी हत्या कर डाली। पीछे बैठे शूटर ने महज 25 सेकंड में ही पिस्टल से एक के बाद एक तीन गोलियां मारीं। दो गोली सीने में और एक गोली पीठ में लगी है। सुखविंदर की हत्या के बाद उसके पिता रजविंदर, भाई सत्यपाल सिंह सहित अन्य रिश्तेदार कनाडा शिफ्ट हो गए थे। इसलिए जसवंत के परिजनों ने शक जताया है कि कनाडा से सुखविंदर के स्वजनों ने ही सुपारी देकर हत्या कराई है। जिस तरह से शूटरों ने बेखौफ होकर हत्या की वारदात की है, उससे यह भी स्पष्ट है कि शूटर भी बाहर के ही हो सकते हैं। यह किसी नए अपराधी का काम नहीं है। पुलिस ने बताया कि गोपाल बाग सिटी का रहने वाला जसवंत सिंह गिल उर्फ सोनी सरदार (45) खाना खाने के बाद घर के बाहर टहल रहा था। वह कुछ लोगों से बात करने के लिए रुका। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक वहां आए।

**जम्मू-कश्मीर, वायनाड मुद्दे पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा**

# देश तोड़ने की ताक में कांग्रेस.. संविधान के साथ ही सुप्रीम कोर्ट की अवहेलना की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**भाजपा के केसवन ने जेके विधानसभा का मुद्दा उठाया**

कांग्रेस और भाजपा देश की राजनीति से जुड़े अहम सवालों पर एक बार फिर आमने-सामने हैं। कांग्रेस की तरफ से जम्मू-कश्मीर विधानसभा में लाए गए एक प्रस्ताव को समर्थन देने की घटना को भाजपा ने देश के विभाजन का प्रयास बताया है। तेलंगाना में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीआर केसवन ने कहा, कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में एक प्रस्ताव को सामरिक समर्थन दिया। इसका उद्देश्य भारत को विभाजित करना है। कांग्रेस ने हमारे संविधान का अपमान किया है।


**छठ पूजा-2024 के अवसर पर भारतीय रेल की सौगात**




**दिनांक 09.11.2024 को चलाई जा रही विशेष रेलगाड़ियाँ**

| ट्रेन संख्या | से | प्रस्थान का समय | तक |
|---|---|---|---|
| **दिल्ली से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 23:35 | पुरी |
| 02398 | आनन्द विहार ट. | 08:20 | गया |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. |
| 05220 | आनन्द विहार ट. | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं. |
| 05284 | आनन्द विहार ट. | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. |
| 03576 | आनन्द विहार ट. | 11:55 | आसनसोल |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज जं. |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. |
| 04032 | आनन्द विहार ट. | 05:15 | सहरसा जं. |
| 04044 | आनन्द विहार ट. | 23:15 | गोरखपुर जं. |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर जं. |
| 02878 | आनन्द विहार ट. | 04:00 | रांची जं. |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर ट. |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 07:30 | इंदौर जं. |
| 09004 | दिल्ली जं. | 11:45 | मुम्बई सेंट्रल |
| **उत्तर प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. |
| 01028 | गोरखपुर जं. | 14:45 | दादर |
| 02421 | सूबेदारगंज जं. | 21:35 | दिल्ली जं. |
| 01924 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 19:40 | हडपसर |
| 05303 | गोरखपुर जं. | 08:30 | महबूबनगर |
| 05017 | मऊ | 05:30 | उधना जं. |
| 05026 | मऊ | 05:30 | उधना जं. |
| 05052 | गोरखपुर जं. | 12:05 | कोलकाता |
| 04529 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनन्द विहार ट. |
| 04211 | वाराणसी जं. | 14:40 | चण्डीगढ़ जं. |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अंबाला |
| 04217 | वाराणसी जं. | 8:25 | लखनऊ जं. |
| 04218 | लखनऊ जं. | 16:30 | वाराणसी जं. |
| 02270 | लखनऊ जं. | 14:15 | छपरा जं. |
| 04371 | लखनऊ जं. | 13:10 | देहरादून जं. |
| 09118 | सूबेदारगंज जं. | 19:25 | सूरत जं. |
| 09032 | गोरखपुर जं. | 04:00 | उधना जं. |
| **उत्तराखण्ड से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09426 | हरिद्वार जं. | 21:45 | साबरमती बीजी जं. |
| **राजस्थान से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05098 | दौराई जं. | 16:05 | टपरी जं. |
| 09653 | अजमेर | 17:50 | बांद्रा टर्मिनस |
| 04715 | बीकानेर | 12:10 | साईनगर शिर्डी |
| 04717 | हिसार | 14:10 | तिरूपति |
| 04823 | जोधपुर | 17:30 | मऊ |
| 04706 | जयपुर जं. | 13:05 | श्री गंगानगर |
| 04705 | श्री गंगानगर | 23:45 | जयपुर जं. |
| 09721 | जयपुर जं. | 06:15 | उदयपुर सिटी |
| 09722 | उदयपुर सिटी | 15:05 | जयपुर जं. |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. |
| 09733 | जयपुर जं. | 07:00 | भिवानी |
| 09734 | रोहतक जं. | 16:05 | जयपुर जं. |
| 09657 | दौराई जं. | 15:00 | बदनी |
| 04721 | बीकानेर | 08:55 | हडपसर |
| **हरियाणा से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09640 | रोहतक जं. | 13.20 | मदार जं. |
| **बिहार से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01482 | दानापुर जं. | 10:45 | पुणे |
| 01144 | दानापुर जं. | 21.30 | लोकमान्य तिलक |
| 01206 | दानापुर जं. | 05:30 | पुणे |
| 08519 | दानापुर जं. | 12:30 | विशाखापट्नम |
| 08420 | जयनगर जं. | 15:00 | पुरी |
| 02393 | पटना जं. | 20:10 | नई दिल्ली |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनन्द विहार ट. |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनन्द विहार ट. |
| 05537 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई |
| 05289 | मुजफ्फरपुर जं. | 21:15 | पुणे |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनन्द विहार ट. |
| 03219 | पटना जं. | 22:10 | कोटा |
| 03329 | पटना जं. | 14:05 | नई दिल्ली |
| 03639 | गया | 18:50 | आनन्द विहार ट. |
| 03278 | आरा | 15:45 | आनन्द विहार ट. |
| 05577 | सहरसा जं. | 13:10 | आनन्द विहार ट. |
| 05581 | दरभंगा जं. | 18:30 | आनन्द विहार ट. |
| 05583 | रक्सौल जं. | 22:00 | अमृतसर जं. |
| 03317 | दानापुर जं. | 08:15 | आनन्द विहार ट. |
| 03483 | भागलपुर जं. | 11:00 | नई दिल्ली |
| 04196 | फारबिसगंज जं. | 15:00 | आगरा कैंट. |
| 05069 | छपरा जं. | 13:15 | पनवेल |
| 05185 | छपरा जं. | 05:30 | यशवंतपुर |
| 05193 | छपरा जं. | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन |
| 05739 | पटना जं. | 17:40 | न्यू जलपाई गुड़ी |
| 04059 | जयनगर जं. | 17:00 | आनन्द विहार ट. |
| 04067 | दरभंगा जं. | 18:00 | दिल्ली जं. |
| 04021 | सीतामढ़ी जं. | 18:00 | आनन्द विहार ट. |
| 04313 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:00 | हरिद्वार जं. |
| 04047 | कटिहार जं. | 18:00 | आनन्द विहार ट. |
| 04069 | राजगीर जं. | 22:50 | नई दिल्ली |
| 02251 | पटना जं. | 07:30 | नई दिल्ली |
| 02269 | छपरा जं. | 22:20 | लखनऊ जं. |
| 08184 | बक्सर जं. | 15:45 | टाटानगर |
| 06236 | दानापुर जं. | 08:05 | सर एम. विश्वेश्वरैय्या ट. |
| 07316 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:15 | हूब्बली |
| 06238 | बरौनी जं. | 10:00 | सर एम. विश्वेश्वरैय्या ट. |
| 06262 | दानापुर जं. | 18:30 | सर एम. विश्वेश्वरैय्या ट. |
| 01706 | दानापुर जं. | 11:45 | जबलपुर |
| 09046 | पटना जं. | 13:05 | उधना जं. |
| 09068 | बरौनी जं. | 21:30 | उधना जं. |
| 03401 | भागलपुर | 06:45 | आनन्द विहार ट. |
| 05185 | छपरा जं. | 05:30 | यशवंतपुर जं. |

| ट्रेन संख्या | से | प्रस्थान का समय | तक |
|---|---|---|---|
| **आंध्र प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 08557 | विशाखापत्तनम | 19:00 | चेन्नै एग्मूर |
| 08536 | विशाखापत्तनम | 12:00 | भुवनेश्वर जं. |
| **अरूणाचल प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | हापा |
| **असम से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05932 | डिब्रुगढ़ जं. | 17:20 | कोलकाता |
| **गुजरात से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09063 | वापी जं. | 22:00 | दानापुर जं. |
| 09056 | उधना जं. | 16:15 | बांद्रा टर्मिनस |
| 09195 | वड़ोदरा जं. | 19:00 | मऊ |
| 09435 | गांधीग्राम जं. | 20:20 | ओखा |
| 09421 | साबरमती जं. | 19:45 | सीतामढ़ी जं. |
| 09013 | उधना जं. | 07:00 | छपरा जं. |
| 09461 | अहमदाबाद जं. | 08:25 | दानापुर जं. |
| **झारखण्ड से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 02831 | धनबाद जं. | 16:00 | भुवनेश्वर जं. |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | जम्मू तवी |
| 03302 | धनबाद जं. | 18:40 | जयनगर जं. |
| 08105 | रांची जं. | 21:50 | जयनगर जं. |
| **केरल से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01464 | कोच्चुवेली | 16:20 | लोकमान्य तिलक ट. |
| **कर्नाटक से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 03248 | सर एम. विश्वेश्वैय्या ट. | 23:50 | दानापुर जं. |
| 07154 | सर एम. विश्वेश्वैय्या ट. | 10:50 | नरसापुर जं. |
| 07335 | बेलगावि | 12:30 | मणुगुरू जं. |
| **मध्य प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 02190 | रीवा | 12.30 | रानी कमलापति जं. |
| 02189 | रानी कमलापति जं. | 22:15 | रीवा |
| 01661 | रानी कमलापति जं. | 14:25 | दानापुर जं. |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा |
| 09313 | उज्जैन जं. | 21:00 | भोपाल जं. |
| 09314 | भोपाल जं. | 02:10 | उज्जैन जं. |
| **महाराष्ट्र से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01481 | पुणे जं. | 19:55 | दानापुर जं. |
| 01143 | लोकमान्य तिलक ट. | 10:30 | दानापुर जं. |
| 01415 | पुणे जं. | 06.50 | गोरखपुर जं. |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 22:30 | गोरखपुर जं. |
| 01205 | पुणे जं. | 15:50 | दानापुर जं. |
| 01209 | नागपुर जं. | 19:40 | पुणे जं. |
| 01027 | दादर | 14:05 | गोरखपुर जं. |
| 01139 | नागपुर जं. | 15:05 | मडगॉव जं. |
| 05054 | बांद्रा टर्मिनस | 21:15 | गोरखपुर जं. |
| 05326 | लोकमान्य तिलक ट. | 10:25 | गोरखपुर जं. |
| 07431 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 15.25 | ब्रह्मपुर जं. |
| 08296 | हदसपुर | 15:00 | बिलासपुर जं. |
| 09055 | बांद्रा टर्मिनस | 09:50 | उधना जं. |
| 09051 | दादर | 00:05 | भुसावल जं. |
| 09052 | भुसावल जं. | 17:40 | दादर |
| 09189 | मुम्बई सेंट्रल | 10:30 | कटिहार जं. |
| **ओड़िसा से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 02813 | भुवनेश्वर | 19:15 | बेलागवि |
| 02832 | भुवनेश्वर | 20:55 | धनबाद जं. |
| 08439 | पुरी | 14:55 | पटना जं. |
| 08535 | भुवनेश्वर | 22:30 | विशाखापट्नम |
| 02811 | भुवनेश्वर | 19:15 | यशवंतपुर जं. |
| 01930 | पुरी | 23:45 | ग्वालियर जं. |
| 07028 | ब्रह्मपुर जं. | 16:45 | सिकंदराबाद जं. |
| **पंजाब से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05050 | अमृतसर जं. | 12:45 | छपरा जं. |
| 05733 | अमृतसर जं. | 04:25 | कटिहार जं. |
| 04554 | अम्बाला जं. | 20:20 | सहारनपुर जं. |
| 08796 | अमृतसर जं. | 01:50 | दुर्ग जं. |
| **तमिलनाडु से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 03326 | कोयम्बत्तूर जं. | 12:55 | धनबाद जं. |
| 06077 | चेन्नै एग्मूर | 23:45 | संतरागाछी जं. |
| 06055 | कोयम्बत्तूर जं. | 11:50 | बरौनी जं. |
| **तेलंगाना से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 07489 | सिकन्दराबाद जं. | 22:15 | तिरूपति |
| 07053 | काचीगुडा | 21:30 | लालगढ़ जं. |
| 07051 | हैदराबाद डेक्कन | 20:35 | रक्सौल जं. |
| 07647 | सिकंदराबाद जं. | 21:00 | दानापुर जं. |
| 07419 | सिकंदराबाद जं. | 15:15 | दानापुर जं. |
| 07221 | सिकंदराबाद जं. | 06:45 | संतरागाछी जं. |
| 07446 | लिंगापल्ली | 19:00 | काकिनाडा टाउन |
| 07197 | काजीपट् जं. | 11:30 | दादर |
| 07003 | सिकंदराबाद जं. | 10:00 | पटना जं. |
| 08846 | सिकंदराबाद जं. | 19:50 | संतरागाछी जं. |
| **पश्चिम बंगाल से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 03043 | हावड़ा जं. | 23:00 | रक्सौल जं. |
| 03131 | सियालदह | 18.15 | गोरखपुर जं. |
| 03187 | सियालदह | 23:55 | जयनगर जं. |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं. |
| 03465 | मालदा टाऊन | 13.25 | वीघा |
| 05740 | न्यू जलपाईगुड़ी | 05:00 | पटना जं. |
| 04073 | हावड़ा जं. | 04:20 | दिल्ली जं. |
| 04073 | कोलकाता | 07:40 | दिल्ली जं. |
| 07224 | संतरागाछी जं. | 12:20 | सिकंदराबाद |
| 06088 | शालिमार | 17:10 | तिरूनेलवेलि जं. |
| 09028 | मालदा टाउन | 17:30 | बाद्रा टर्मिनस |

**भारतीय रेल**
WWW.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें /RailMinIndia



# गेम चेंजर का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** राम चरण और कियारा आडवाणी की बहुप्रतीक्षित फिल्म का टीजर शनिवार को रिलीज होना है, लेकिन उससे पहले शुक्रवार को फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया गया, जिसमें कियारा आडवाणी का लुक सामने आया है, जिसे प्रशंसक जलपरी के रूप जैसा मान रहे हैं। फिल्म 'गेम चेंजर' सिनेमाघरों में 10 जनवरी 2025 को रिलीज होगी। कियारा आडवाणी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर फिल्म गेम चेंजर का नया पोस्टर जारी किया है। गेम चेंजर के इस नए पोस्टर में कियारा बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं और उनका लुक किसी जलपरी जैसा लग रहा है। इस अनोखे जलपरी अवतार ने कियारा के प्रशंसक की उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है। कियारा ने पोस्टर के साथ एक और तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें कियारा फोन पर व्यस्त समुद्र के बीच में बैठी एक कुर्सी पर नजर आ रही हैं।

लाइफ Style

फेड रेट कट के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में तेजी देखने को मिल रही है। आंकड़ों के अनुसार नैस्डैक 1.20 फीसदी यानी 227.35 अंकों की तेजी के साथ 19,210.81 अंकों पर कारोबार कर रहा है। जबकि कारोबारी सत्र के दौरान नैस्डैक ब्याज दरों में कटौती से पहले 19,256.99 अंकों के साथ 52 हफ्तों के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया था। वहीं दूसरी ओर एसएंडपी 500 0.57 फीसदी यानी 33.99 फीसदी के साथ 5,963.03 अंकों पर कारोबार कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### एसबीआई का दूसरी तिमाही मुनाफा 23 प्रतिशत बढ़ा



**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का चालू वित्त वर्ष (2024-25) की जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 19,782 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बैंक ने 16,099 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### एलआईसी का लाभ 4 फीसदी गिरकर 7,621 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 3.8 प्रतिशत गिरकर 7,621 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी का पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में शुद्ध लाभ 7,925 करोड़ रुपये रहा था।

### टाटा मोटर्स के लाभ में 9.9 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में 9.9 प्रतिशत घटकर 3,450 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 3,832 करोड़ रुपये रहा था। टाटा मोटर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी एकीकृत परिचालन आय समीक्षाधीन तिमाही में 1,00,534 करोड़ रुपये रही है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,04,444 करोड़ रुपये थी।

### वेदांता लिमिटेड को 4,352 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ



**नई दिल्ली।** खनन समूह वेदांता लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में 4,352 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया है। कंपनी ने शुक्रवार को सितंबर, 2024 तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना शेयर बाजार को दी। कंपनी को एक साल पहले की समान अवधि में 1,783 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ था। आलोच्य तिमाही में वेदांता की एकीकृत आय घटकर 38,934 करोड़ रुपये रह गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 39,585 करोड़ रुपये थी।

### भारतीय शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट

विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने और रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) जैसे दिग्गज शेयरों में बिकवाली से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 55.47 अंक की गिरावट के साथ 79,486.32 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 51.15 अंक गिरकर 24,148.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक और इंडसइंड बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, नेस्ले और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### एक सांसद व दो अन्य ने बुच के खिलाफ शिकायत की थी

# लोकपाल ने सेबी प्रमुख बुच से रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग के आरोपों पर 'स्पष्टीकरण' मांगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भ्रष्टाचार-रोधी निकाय लोकपाल ने अमेरिकी शोध एवं निवेश फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच पर लगाए गए आरोपों के संदर्भ में उनसे 'स्पष्टीकरण' देने को कहा है। एक लोकसभा सांसद और दो अन्य लोगों ने बुच के खिलाफ इस बारे में शिकायत दर्ज कराई थी।

एक आधिकारिक आदेश के मुताबिक, लोकपाल ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के खिलाफ आई शिकायतों पर शुक्रवार को उनसे स्पष्टीकरण मांगा। बुच से चार सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है। हालांकि, लोकपाल ने यह स्पष्ट किया है कि उसका आदेश केवल 'प्रक्रियागत निर्देश' है और 'इस मामले में किसी भी तरह से उसकी राय नहीं अभिव्यक्त करता है।'

### स्पष्टीकरण के लिए बुलाना उचित

लोकपाल का यह आदेश कहता है, "हम नामित प्रतिवादी लोक सेवक (आरपीएस) को संबंधित शिकायतकर्ता की तरफ से उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों और संबंधित हलफनामे में विस्तार से बताए गए आरोपों के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए बुलाना उचित समझते हैं।"



### सांसद मोइत्रा ने जांच ईडी को भेजने कहा

विपक्षी दल तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने 13 सितंबर को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि उन्होंने सेबी प्रमुख के खिलाफ लोकपाल के पास शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा था कि भ्रष्टाचार रोधक लोकपाल को इसे प्रारंभिक जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भेजना चाहिए और उसके बाद 'पूर्ण एफआईआर जांच' करनी चाहिए।

### बुच तीनों शिकायतों पर जवाब दे सकती है

आदेश के मुताबिक, आरोपों की जांच के लिए प्रथम दृष्टया मामला बनने के बारे में फैसला करने के पहले नामित आरपीएस को लोकपाल अधिनियम की धारा 20 की उपधारा (एक) के तीसरे प्रावधान के तहत स्पष्टीकरण का अवसर दिया जा रहा है। आदेश में कहा गया है कि बुच दोहराव से बचने के लिए तीनों शिकायतों में शिकायत के हिसाब से अपना जवाब या स्पष्टीकरण पेश कर सकती हैं।

### बुच दम्पति ने आरोपों का किया खंडन

बुच दम्पति ने इन आरोपों का जोरदार खंडन करते हुए कहा था कि हिंडनबर्ग सेबी की विश्वसनीयता को चोट पहुंचाने के साथ चरित्र हनन का प्रयास कर रहा है। अदाणी समूह ने भी हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को दुर्भावनापूर्ण और चुनिंदा सार्वजनिक सूचनाओं में हेराफेरी करार दिया था।

■ बुच से चार सप्ताह के भीतर पक्ष रखने कहा गया

■ आदेश केवल प्रक्रियागत निर्देश, किसी तरह की राय नहीं

■ लोकपाल ने आगे विचार के लिए 19 दिसंबर को सूचीबद्ध किया

### शिकायत हिंडनबर्ग के आरोपों पर आधारित

यह शिकायत हिंडनबर्ग रिसर्च की तरफ से बुच पर लगाए गए कई आरोपों पर आधारित थी। हिंडनबर्ग रिसर्च ने कुछ महीने पहले जारी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच के पास अदाणी समूह से जुड़े कथित वित्त हेराफेरी मामले में इस्तेमाल हुए अज्ञात विदेशी कोष में हिस्सेदारी थी।

### आदेश पर पांच अन्य सदस्यों के हस्ताक्षर

लोकपाल संस्था के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर और पांच अन्य सदस्यों के इस आदेश पर हस्ताक्षर हैं। इसके सदस्यों में न्यायमूर्ति एल नारायण स्वामी, संजय यादव, रितु राज अवस्थी, सुशील चंद्रा और अजय तिर्की शामिल हैं। लोकपाल ने मामले को आगे विचार के लिए 19 दिसंबर को सूचीबद्ध किया है।

## टाटा सेमीकंडक्टर के लिए सिंगापुर को प्रमुख साझेदार के रूप में चुनेगा : मंत्री

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सिंगापुर के गृह एवं विधि मंत्री के. षणमुगम ने शुक्रवार को कहा कि टाटा संस अपनी सेमीकंडक्टर योजनाओं के लिए सिंगापुर को "प्रमुख साझेदार" के रूप में चुनेगी। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के साथ बैठक के बाद षणमुगम ने पत्रकारों को यह जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि बैठक में सेमीकंडक्टर को लेकर गहन चर्चा हुई। षणमुगम ने कहा, " यदि वे (टाटा) चाहें तो दुनिया में किसी के साथ भी व्यापार कर सकते हैं। ऐसा नहीं है कि उन्हें सिंगापुर में ही व्यापार करना है, लेकिन मुझे लगता है कि वे सिंगापुर को एक प्रमुख साझेदार के रूप में चुनेंगे, न केवल साझेदार के रूप में बल्कि एक प्रमुख साझेदार के रूप में..।'षणमुगम जनशक्ति मंत्री तथा व्यापार एवं उद्योग विभाग के कनिष्ठ मंत्री तान सी लैंग के साथ देश की वित्तीय राजधानी की एक दिन की यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण-पूर्व एशियाई देश अंतरराष्ट्रीय सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए विश्वसनीय स्थान है। टाटा समूह पांच दशक से अधिक समय से सिंगापुर में मौजूद है।



■ सिंगापुर के गृह मंत्री षणमुगम ने दी जानकारी

*ताइवान की पावरचिप कंपनी से भी समझौता : इस उद्यम के लिए उसने ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन (पीएसएमसी) के साथ साझेदारी की है। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी. वी. आर सुब्रह्मण्यम के भारत से अपने रुख पर पुनर्विचार करने और 15 देशों के क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) में शामिल होने के आह्वान के बारे में पूछे जाने पर षणमुगम ने कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया।*

# चीनी उद्योग को पतन से बचाने की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय सहकारी चीनी फैक्टरी महासंघ (एनएफसीएसएफ) ने शुक्रवार को चीनी क्षेत्र में आसन्न संकट के बारे में चेताते हुए सरकार से इसे 'पतन' से बचाने को तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया।

केंद्रीय खाद्य सचिव को लिखे एक पत्र में महासंघ ने बढ़ते चीनी स्टॉक और बढ़ती उत्पादन लागत के कारण चीनी क्षेत्र के गंभीर वित्तीय संकट की स्थिति को उजागर किया है। 2024-25 के चीनी सत्र (अक्टूबर-सितंबर) में शुरुआती स्टॉक 80 लाख टन है, जिसमें एथनॉल 'डायवर्जन' (एथनॉल उत्पादन के लिए उपयोग होने वाले चीनी स्टॉक) को छोड़कर 325 लाख टन के उत्पादन का अनुमान है। घरेलू खपत 290 लाख टन होने का अनुमान है, और देशभर के 535 कारखानों के गोदामों में लगभग 115 लाख टन चीनी रहेगी। महासंघ ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) को आठ प्रतिशत बढ़ाकर 3,400 रुपये प्रति टन कर दिया है, जबकि उद्योग का न्यूनतम विक्रय मूल्य (एमएसपी) वर्ष 2018-19 से 31 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर बना हुआ है, जबकि उत्पादन लागत बढ़कर 41.66 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। एनएफसीएसएफ ने कहा, "चीनी उद्योग को अपना परिचालन जारी रखने के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये खर्च करने होंगे, जिसमें से 75 प्रतिशत किसानों के भुगतान के लिए और शेष कारखाना संचालन के लिए होंगे। उद्योग निकाय ने एथनॉल मूल्य निर्धारण और आवंटन के बारे में भी चिंता जताई है। दिसंबर, 2023 में लगाए गए सरकारी अंकुशों के बाद एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम में इस क्षेत्र का योगदान वर्ष 2021-22 के 83 प्रतिशत से घटकर वर्तमान में 37 प्रतिशत रह गया है। एथनॉल आपूर्ति वर्ष 2024-25 के लिए 940 करोड़ लीटर की आवश्यकता के मुकाबले, तेल विपणन कंपनियों को 837 करोड़ लीटर आवंटित किया गया है।



■ एनएफसीएसएफ ने सरकार को चेताया


■ बढ़ते चीनी स्टॉक व लागत से संकट गंभीर

# शादी-विवाह की मांग से सोना 500 रुपए चढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शादी-विवाह के सीजन में आभूषण एवं फुटकर विक्रेताओं की मांग बढ़ने के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 500 रुपये की बढ़त के साथ एक बार फिर 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 79,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी 800 रुपये उछलकर 94,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि पिछली कारोबारी सत्र में इसका भाव 93,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 500 रुपये बढ़कर 79,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। बृहस्पतिवार को यह 79,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि शादी के मौसम के लिए स्थानीय आभूषण कारोबारियों की मांग बढ़ी है। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट के कारण निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में सर्राफा पर दांव लगाया, जिससे सोने की कीमतों में तेजी देखी गई।

■ सोना बढ़कर 80,000 रुपए प्रति दस ग्राम के स्तर पर



*डॉलर मजबूत होने से सोने में कमजोरी रही : एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, "डॉलर सूचकांक में मजबूती और फेडरल रिजर्व की नीतिगत घोषणा के बीच सोने में कमजोरी रही। अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने उम्मीद के अनुरूप ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है।"*

# इरडा की बीमा क्षेत्र में 100% विदेशी निवेश की वकालत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के चेयरमैन देबाशीष पांडा ने शुक्रवार को बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने की वकालत की।

इसके साथ ही पांडा ने कहा कि 2027 तक 'सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बहुत अधिक पूंजी की जरूरत है।

रसमाचारपत्र 'बिजनेस स्टैंडेर्ड' के वार्षिक बीएफएसआई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पांडा ने कहा कि बीमा अत्यधिक पूंजी जरूरत वाला क्षेत्र है लिहाजा देश को बीमा की पहुंच बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र में और अधिक 'खिलाड़ियों' की जरूरत है। भारत ने वर्ष 2000 में निजी और विदेशी निवेश की अनुमति देकर धीरे-धीरे बीमा क्षेत्र को खोलना शुरू किया था। फिलहाल साधारण, जीवन और स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में 74 प्रतिशत तक विदेशी निवेश की अनुमति है। पांडा ने कहा, "हमें बहुत अधिक पूंजी की जरूरत है, जिसका अर्थ है कि हमें कई नई इकाइयों की आवश्यकता है। कुछ समेकन भी हो सकता है।''उन्होंने कहा, /"अगर एफडीआई मार्ग भी खोला जाता है तो इससे घरेलू निवेश में भी वृद्धि होगी, अन्यथा घरेलू निवेश में कमी आ सकती है।



■ इससे 2027 तक सभी के लिए बीमा का लक्ष्य होगा हासिल

■ लक्ष्य को हासिल करने बहुत अधिक पूंजी की जरूरत

### अधिक निवेश आ पाएगा

शायद अब बीमा क्षेत्र को शत-प्रतिशत विदेशी निवेश के लिए खोलने का समय आ गया है। इससे अधिक खिलाड़ी इस क्षेत्र में आएंगे और बिना किसी भारतीय भागीदार की तलाश किए अपनी शर्तों पर काम कर सकेंगे। इसके साथ ही पांडा ने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' की ओर देश की यात्रा में सबको बीमा सुविधा मुहैया कराना महत्वपूर्ण होगा।

## विदेशी मुद्रा भंडार में 2.67 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार एक नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.67 अरब डॉलर घटकर 682.13 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.46 अरब डॉलर घटकर 684.80 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। एक नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.90 अरब डॉलर घटकर 589.84 अरब अमेरिकी डॉलर रह गईं।

## बिजनेस साइट

## अविनाश ग्रुप का इको-फ्रेंडली प्लॉट प्रोजेक्ट जल्द ही सेजबहार में लांच

**रायपुर।** मध्य भारत के प्रमुख बिल्डर अविनाश ग्रुप अपनी नई इको-फ्रेंडली परियोजना 'अविनाश इको सिटी' को सेजबहार में जल्द ही लांच करने जा रहा है। यह प्रोजेक्ट पर्यावरण के प्रति संवेदनशील जीवनशैली को बढ़ावा देने वाला एक यूनिक कंसेप्ट है, जिसमें हरियाली, सौर ऊर्जा और आधुनिक सुविधाओं का अद्भुत मिश्रण है।

अविनाश इको सिटी को डिजाइन इस तरह से किया गया है कि यहां के निवासियों को प्राकृतिक वातावरण के बीच एक स्वस्थ और इको-फ्रेंडली जीवनशैली का अनुभव मिलेगा। इस प्रोजेक्ट में ओपन ग्रीन स्पेस, एनर्जी सेविंग इक्यूपमेन्ट और पर्यावरण के अनुकूल सुविधाएं शामिल हैं, जो हर व्यक्ति को एक स्वच्छ और सस्टेनेबल जीवन जीने का अवसर प्रदान करेगा। रायपुर के तेजी से विकसित हो रहे सेजबहार क्षेत्र में स्थित यह प्रोजेक्ट प्रमुख शैक्षिक संस्थानों, अस्पतालों और बाजारों के नजदीक है, जिससे यहां के निवासियों को सभी महत्वपूर्ण सेवाओं की सुगमता से उपलब्धता होगी। अविनाश ग्रुप द्वारा इस प्रोजेक्ट की प्री-बुकिंग शुरू हो चुकी है और प्री-लांच बुकिंग के जरिए ग्राहक अपनी पसंदीदा प्लाट पर बेहतरीन ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा साइट विजिट की सुविधा भी उपलब्ध है, ताकि खरीदार अपने निवेश से पहले स्थल का निरीक्षण कर सकें।



■ ग्रुप की नई इको फ्रेंडली अविनाश इको सिटी


## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

(ई-मेल - mandibemetara@gmail.com)

क्रमांक / मंडी/ निर्माण / 2024-25 / 533 — बेमेतरा, दिनांक 06/11/2024

### मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ0ग0) के अंतर्गत निम्न दर्शित कार्य / स्थल एवं कार्य के सम्मुख दर्शित लागत अनुसार कार्य कराये जाने हेतु छ.ग. लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं केवल पंजीकृत डाक से तीन लिफाफा पद्धति से दिनांक 12.12.2024 दिन गुरूवार को सायंकाल 5.30 बजे तक छ.ग. शासन लो.नि.वि. सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एस. ओ. आर. एवं इस निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर निविदा प्रपत्र - अ ( प्रतिशत दर) में कार्यालय सचिव, कृषि उपज मंडी समिति - बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ0ग0) में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इस कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों / प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक 20.12.2024 दिन शुक्रवार को दोपहर 3.00 बजे खोली जावेगी ।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 12.12.2024 को सायं 05.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि - 19.12.2024 को सायं 05.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोले जाने की प्रारंभिक तिथि - 20.12.2024 को दोप. 03.00 बजे दोपहर से

| क्र. | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत ( लाख में) | अमानत राशि रू. में | ठेकेदार की श्रेणी | समयावधि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | वि.ख. नवागढ़ अंतर्गत धा. उ. के. टेमरी में सीमेंटीकरण कार्य । | 19.54 | 14700.00 | "द" उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 2 | वि.ख. नवागढ़ अंतर्गत धा.उ.के. नारायणपुर में सीमेंटीकरण कार्य । | 19.54 | 14700.00 | "द" उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 3 | वि.ख. नवागढ़ अंतर्गत धा.उ.के. मऊ में सीमेंटीकरण कार्य । | 19.54 | 14700.00 | "द" उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 4 | वि.ख. नवागढ़ अंतर्गत धा. उ. के. चन्दनु में सीमेंटीकरण कार्य । | 19.54 | 14700.00 | "द" उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 5 | वि.ख. नवागढ़ अंतर्गत धा. उ. के. प्रतापपुर में सीमेंटीकरण कार्य । | 19.54 | 14700.00 | "द" उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 6 | वि.ख. नवागढ़ अंतर्गत धा. उ. के. कुरदा में सीमेंटीकरण कार्य । | 19.54 | 14700.00 | "द" उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 7 | वि.ख. नवागढ़ अंतर्गत धा. उ. के. सेमरिया में सीमेंटीकरण कार्य । | 19.54 | 14700.00 | "द" उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 8 | वि.ख. नवागढ़ अंतर्गत धा.उ.के. उमरिया में सीमेंटीकरण कार्य । | 19.54 | 14700.00 | "द" उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 9 | वि.ख. नवागढ़ अंतर्गत धा.उ.के. झाल (ब) में सीमेंटीकरण कार्य । | 19.54 | 14700.00 | "द" उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 10 | वि.ख. नवागढ़ अंतर्गत धा.उ.के. कटई में सीमेंटीकरण कार्य । | 19.54 | 14700.00 | "द" उच्च | 03 माह | 1000/- |
| 11 | वि.ख. नवागढ़ अंतर्गत धा. उ. के. बुंदेला में सीमेंटीकरण कार्य । | 19.54 | 14700.00 | "द" उच्च | 03 माह | 1000/- |

**शर्तेः-** (1) निविदा प्राप्त करने के लिए वैध एकल पंजीयन (लाइसेंस) जी.एस.टी. पंजीयन, पेन कार्ड, विगत 03 वर्षों के आयकर चुकता प्रमाण पत्र, ई.पी.एफ.ओ. प्रमाण पत्र एवं बैंक साल्वेंसी ( अनुमानित लागत का 15 प्रतिशत या 15 प्रतिशत से अधिक) की मूल प्रति अवलोकनार्थ एवं नोटरी द्वारा प्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करने पर निविदा प्रपत्र दिनांक 12.12.2024 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते है, निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं होगा । (2) ब्याने की राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफ.डी.आर./टी.डी.आर. या डाक विभाग द्वारा एन.एस.सी. के रूप में सचिव कृषि उपज मंडी समिति बेमेतरा जिला - बेमेतरा (छ. ग.) को देय ही स्वीकार्य होगी । (3) कार्यों से संबंधित समस्त जानकारी एवं अन्य शर्ते दिनांक 12.12.2024 तक कार्यालयीन समय में देखी / प्राप्त की जा सकती हैं, जो कि इस निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग है । (4) उपरोक्त कार्य हेतु यदि निविदाकार द्वारा लागू दर / दर अनुसूची में 10 प्रतिशत से कम दर कोटेट किया जाता है तो निविदा हेतु स्पेशल शर्ते लागू होगी, तदानुसार अंतर की राशि सचिव कृषि उपज मंडी समिति बेमेतरा के नाम एफ. डी. आर. के रूप में अनुबंध निष्पादन के पूर्व जमा करना होगा। शर्ते की प्रति निविदाओं के साथ प्रदान की जाएगी। (5) प्राप्त निविदाओं में से किसी भी निविदा प्रपत्र / समस्त निविदा प्रपत्रों को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार मंडी समिति / मंडी बोर्ड को होगी। (6) लिफाफा - "अ" में ई.एम.डी. एवं शपथ पत्र लिफाफा -"ब" में समस्त दस्तावेज (वैध पंजीयन, बैंक साल्वेंसी, जी.एस.टी. पंजीयन, पेनकार्ड) की मूलप्रति की छायाप्रति तथा लिफाफा - "स" में निविदा प्रपत्र प्रस्तुत किया जावेगा ।

( मोरध्वज डड़सेना )
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति
बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

(सुरेश कुमार चौरे)
सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

S-42040/1

# गॉफ को क्रेजिसिकोवा ने हराया, स्वियाटेक बाहर

एजेंसी ▶▶| रियाद

बारबोरा क्रेजिसिकोवा ने कोको गॉफ को सीधे सेटों में 7-5, 6-4 से हराकर डब्लूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक जीत दर्ज करने के बावजूद वर्ष के इस अंतिम टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। क्रेजिसिकोवा सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली अंतिम खिलाड़ी है। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका, झेंग किनवेन और गॉफ पहले ही अंतिम चार में अपनी जगह सुरक्षित कर चुकी थी।

विंबलडन चैंपियन क्रेजिसिकोवा ऑरेंज ग्रुप में शीर्ष पर रही और सेमीफाइनल में उनका मुकाबला झेंग से होगा। एक अन्य सेमीफाइनल में गॉफ पर्पल ग्रुप विजेता सबालेंका से भिड़ेंगी। स्वियाटेक ने डारिया कसाटकिना को



एक घंटे से भी कम समय में 6-1, 6-0 से हराया, लेकिन गॉफ की क्रेजिसिकोवा पर जीत से ही वह ऑरेंज ग्रुप से आगे बढ़ पाती।



सबालेंका, किनवेन और गॉफ पहले ही अंतिम चार में सुरक्षित कर चुकी हैं अपनी जगह

टूर्नामेंट 11 से 17 नवंबर तक खेला जाएगा

# एटीपी फाइनल्सः बोपन्ना-मैथ्यू की जोड़ी को मिली छठी वरीयता

एजेंसी ▶▶| तूरिन (इटली)

भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडन को साल के अंत में होने वाले एटीपी फाइनल्स में छठी वरीयता दी गई है जिसमें यह जोड़ी अपना अभियान सोमवार को इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावासोर की चौथी वरीय जोड़ी के खिलाफ मुकाबले से शुरू करेगी।

शीर्ष आठ एकल खिलाड़ी और शीर्ष आठ युगल जोड़ियां साल के अंत में होने वाले फाइनल्स में हिस्सा लेंगी जिससे सत्र का समापन होगा। टूर्नामेंट 11 से 17 नवंबर तक खेला जाएगा। बोपन्ना-इबडन की जोड़ी को बॉब ब्रायन ग्रुप में रखा गया है जिसमें अन्य दो जोड़ियां जर्मनी के केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज तथा क्रोएशिया के मार्सेलो अरेवालो और एल साल्वाडोर के माटे पाविच की हैं। टूर्नामेंट में



दूसरे ग्रुप का नाम बॉब ब्रायन के जुड़वा भाई माइक ब्रायन के नाम पर है। अमेरिका के जुड़वां भाईयों की जोड़ी ने लंबे समय तक युगल सर्किट में दबदबा बनाए रखा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## खबर संक्षेप



### ट्रेनिंग के लिए अफ्रीका जाएंगे नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली।** स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा अगले साल होने वाली प्रतियोगिताओं की शुरुआती तैयारी शुरू करने की मुहिम में सत्र के इतर ट्रेनिंग के लिए इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम जाएंगे। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता 26 वर्षीय नीरज अंतिम बार सितंबर में डायमंड लीग फाइनल में खेले थे। वह दक्षिण अफ्रीका के इस शहर में ट्रेनिंग के लिए 31 दिन रहेंगे। चोपड़ा की ट्रेनिंग का खर्चा खेल मंत्रालय उठाएगा। चोपड़ा ने पहले भी टोक्यो और पेरिस ओलंपिक से पहले कई बार पोटचेफस्ट्रूम में ट्रेनिंग की है।

### प्रधानमंत्री एकादश के कोच होंगे टिम पेन

**कैनबरा।** पूर्व कप्तान टिम पेन इस महीने के अंत में भारत के खिलाफ गुलाबी गेंद से खेले जाने वाले दो दिवसीय अभ्यास मैच के लिए



ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश के कोच होंगे। पेन (39 वर्ष) भारत के पिछले दो दौरों के दौरान ऑस्ट्रेलिया के कप्तान थे जिसमें मेहमान टीम ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2-1 से समान अंतर से जीत दर्ज की थी। ऑस्ट्रेलिया के लिए 35 टेस्ट, 35 वनडे और 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पेन ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच भारत के खिलाफ ब्रिस्बेन में 2020-21 श्रृंखला के अंतिम टेस्ट में खेला था जिसमें मेजबान टीम गाबा में तीन विकेट से हार गई थी।

### अमन सेहरावत शीर्ष दावेदारों में शामिल

**बेंगलुरु।** पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सेहरावत छह से आठ दिसंबर तक यहां होने वाली सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले स्टार खिलाड़ियों में शामिल होंगे।



अमन के अलावा अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियन अंतिम पंघाल, 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया, अंडर-23 विश्व चैंपियन रीतिका हुड्डा, ओलंपियन सोनम मलिक, राधिका, मनीषा भानवाला, बिपाशा, प्रिया, उदित, चिराग, सुनील कुमार और नरिंदर चीमा भी मैट पर उतरेंगे। यह प्रतियोगिता कोरमंगला इंडोर स्टेडियम में होगी।

### हरियाणा ने पंजाब को 37 रन से हराया

**रोहतक।** बाएं हाथ के स्पिनर निशांत सिंधू के 56 रन देकर पांच विकेट झटकने से 11 विकेट के मैच विजयी प्रदर्शन की बदौलत हरियाणा ने शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच में पंजाब को 37 रन से शिकस्त दी। पंजाब की टीम तीसरे दिन जीत के लिए 144 रन के लक्ष्य के जवाब में लंच से पहले ही सिमट गई।


## टी20 : चक्रवर्ती और बिश्नोई ने झटके 3-3 विकेट

# भारत की लगातार 11वीं जीत, अफ्रीका को 61 रन से रौंदा, सैमसन का शतक

एजेंसी ▶▶| डरबन

सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन के लगातार दूसरे शतक के बाद वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई ने फिरकी का जादू दिखाया। इससे भारत ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 61 रन से हराकर चार मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई। भारत के 203 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम 17.5 ओवर में 141 रन पर सिमट गई। तेज गेंदबाज आवेश खान ने भी 28 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत की यह लगातार 11वीं जीत है।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से हेनरिक क्लासेन (25), गेराल्ड कोएट्जी (23) और सलामी बल्लेबाज रयान रिकल्टन (21) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। सैमसन ने 50 गेंद में 10 छक्के और सात चौके से 107 रन की अपनी पारी खेली जिससे मेहमान टीम ने आठ विकेट पर 202 रन बनाए। सैमसन ने कप्तान सूर्यकुमार यादव (21) के साथ दूसरे विकेट के लिए 66 और तिलक वर्मा (33) के साथ तीसरे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी की।




### लगातार दो शतक का रिकॉर्ड

सैमसन लगातार दो टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ने वाले भारत के पहले और दुनिया के सिर्फ चौथे बल्लेबाज बने। सैमसन से पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार दो शतक जड़ने का कारनामा फ्रांस के गुस्ताव मैकियोन, इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और दक्षिण अफ्रीका के रिली रोसेयु कर चुके हैं।

### 47 गेंदों पर लगाया शतक

संजू सैमसन ने 47 गेंदों पर शतक लगाया। इसके साथ ही वह साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं। संजू एक टी20 इंटरनेशनल में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं। इससे पहले रोहित शर्मा ने 2017 में इंदौर में श्रीलंका के खिलाफ दस छक्के लगाए थे। बांग्लादेश के खिलाफ पहले 2 मैच में संजू का बल्ला नहीं चला था। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 में 29 रन और दूसरे टी20 में 10 रन बनाए थे।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का स्टब्स बो पीटर | 107 | 50 | 7 | 10 |
| अभिषेक का मारक्रम बो कोएट्जी | 07 | 08 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का सिमेलेन बो क्रूगर | 21 | 17 | 2 | 1 |
| तिलक का यानसेन बो महाराज | 33 | 18 | 3 | 2 |
| पंड्या का यानसेन बो कोएट्जी | 02 | 06 | 0 | 0 |
| रिंकू का क्लासेन बो कोएट्जी | 11 | 10 | 2 | 0 |
| अक्षर का स्टब्स बो यानसेन | 07 | 07 | 1 | 0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 05 | 04 | 1 | 0 |
| रवि बिश्नोई रन आउट | 01 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 202/8
गेंदबाजी : यानसेन 4-0-24-1, मारक्रम 1-0-10-0, , महाराज 4-0-34-1, कोएट्जी 4-0-37-3, पीटर 3-9-35-1, क्रूगर 2-0-35-1, सिमेलेन 2-0-27-0.

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का सैमसन बो अर्शदीप | 08 | 04 | 2 | 0 |
| रिकल्टन का वर्मा बो चक्रवर्ती | 21 | 11 | 3 | 1 |
| स्टब्स का सूर्यकुमार बो आवेश | 11 | 11 | 0 | 1 |
| क्लासेन का अक्षर बो चक्रवर्ती | 25 | 22 | 2 | 1 |
| मिलर का आवेश बो चक्रवर्ती | 18 | 22 | 1 | 1 |
| क्रूगर का हार्दिक बो बिश्नोई | 01 | 02 | 0 | 0 |
| यानसेन का हार्दिक बो बिश्नोई | 12 | 08 | 1 | 1 |
| सिमेलेन पगबाधा बो बिश्नोई | 06 | 04 | 0 | 1 |
| गेराल्ड कोएट्जी रन आउट | 23 | 11 | 0 | 3 |
| केशव महाराज बो आवेश | 05 | 09 | 0 | 0 |
| नकाबायोमजी पीटर नाबाद | 05 | 03 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 17.5 ओवर में 141/10
गेंदबाजी : अर्शदीप 3-0-25-1, आवेश 2.5-0-28-2, हार्दिक 3-0-27-0, चक्रवर्ती 4-0-25-3, बिश्नोई 4-0-28-3, अक्षर 1-0-8-0.

# पाक ने 93 महीने बाद ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में नौ विकेट से रौंदा



एजेंसी ▶▶| एडिलेड

पाकिस्तान ने एडिलेड ओवल में खेले गए दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम 35 ओवर में 163 रन पर सिमट गई। जवाब में पाकिस्तान ने 26.3 ओवर में एक विकेट गंवाकर जीत हासिल की। हारिस रऊफ ने पांच विकेट झटके। वहीं, सैम अयूब ने 82 रन की पारी खेली। तीन मैचों की वनडे सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। पहला वनडे ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। अब 10 नवंबर को निर्णायक मुकाबला खेला जाएगा। पाकिस्तान ने वनडे में जनवरी 2017 के बाद ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराया है। पाकिस्तान ने इससे पहले कंगारुओं को 15 जनवरी 2017 को मेलबर्न वनडे में हराया था। अब 93 महीने बाद पाकिस्तानी टीम ने जीत हासिल की। पिछले साल वनडे विश्व कप में पहले दौर से बाहर होने के बाद यह पाकिस्तानी टीम की पहली द्विपक्षीय वनडे सीरीज है और टीम ने गजब की वापसी की है। पहले वनडे में पाकिस्तानी टीम ने कंगारुओं को कड़ी टक्कर दी थी। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया दो विकेट से जीत दर्ज में कामयाब हुआ था।

### पीसीबी का 'हाइब्रिड मॉडल' से इनकार

**लाहौर/नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शुक्रवार को स्पष्ट रूप से इस बात से इनकार किया कि उन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड से कोई औपचारिक संदेश मिला है कि उनकी राष्ट्रीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। गुरुवार को पीसीबी के सूत्रों ने दावा किया था कि भारत ने 'हाइब्रिड मॉडल' चुना है जहां उनके सभी मैच दुबई में होंगे।

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच से सम्मानित

**मस्कट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को यहां वैश्विक संचालन संस्था की कांग्रेस के दौरान अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम और फ्रांस हॉकी



महासंघ की प्रमुख इसाबेल जोयून ने सम्मानित किया। भारतीय टीम को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने ग्रहण किया।हॉकी इंडिया ने कहा, 'हम इस सम्मान के लिए एफआईएच के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं जिसने अंतरराष्ट्रीय हॉकी के 100वें वर्ष को भारत के लिए और भी विशेष बना दिया है।' भारतीय टीम ने इस साल अगस्त में स्पेन पर 2-1 की रोमांचक जीत के साथ 52 साल में पहली बार पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीता था।

### जोसेफ कप्तान के साथ बहस के कारण निलंबित

**ब्रिजटाउन।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान



क्षेत्ररक्षण की सजावट को लेकर कप्तान शाई होप के साथ सार्वजनिक रूप से असहमति जताने पर दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया है। वेस्टइंडीज ने बुधवार को खेला गया यह मैच आठ विकेट से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला अपने नाम की थी। इस मैच के दौरान जोसेफ ने क्षेत्ररक्षण को लेकर विरोध जताया था और वह कुछ समय के लिए मैदान छोड़कर बाहर चले गए थे। जोसेफ और होप के बीच चौथे ओवर से पहले लंबी बहस हुई। आलम यह था कि अंपायरों को खेल फिर से शुरू करने के लिए आग्रह करना पड़ा।

# राहुल का फिर खराब प्रदर्शन भारत-ए को 11 रन की बढ़त

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

केएल राहुल का खराब प्रदर्शन जारी रहा जबकि शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाज भी तेज और उछाल लेती पिच पर संघर्ष करते नजर आए। इससे भारत ए की टीम ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ चार दिवसीय क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 73 रन बनाकर बैकफुट पर चली गई। भारत ए की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी है जबकि उसे केवल 11 रन की बढ़त हासिल है। ऑस्ट्रेलिया ए ने भारतीय टीम को पहली पारी में 161 रन पर आउट करने के बाद अपनी पहली पारी में 223 रन बनाए और इस तरह से उसने 62 रन की बढ़त हासिल की। राहुल सलामी बल्लेबाज के रूप में टीम में शामिल होने के एक दावेदार हैं लेकिन भारत ए की तरफ से वह दोनों पारियों में केवल 14 रन बना पाए। राहुल दूसरी पारी में 10 रन बनाकर आउट हुए।



### रणजी ट्रॉफीः मुंबई बड़ी जीत के करीब

**मुंबई।** मुंबई ने ओडिशा को फॉलोआन देने के बाद दूसरी पारी में उसका स्कोर पांच विकेट पर 126 रन करके रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को जीत की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। ओडिशा की टीम अब भी 191 रन से पीछे है और मेहमान टीम पर पारी की हार का खतरा मंडरा रहा है। मुंबई ने पहली पारी चार विकेट पर 602 रन बनकर घोषित की थी।ओडिशा ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 146 रन से की और टीम 95वें ओवर में 285 रन पर सिमट गई। ओडिशा के 319 रन से पिछड़ने के बाद मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने ओडिशा को फॉलोआन दिया और दूसरी पारी में भी टीम के बल्लेबाज उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल पाए। ओडिशा की पहली पारी में संदीप पटनायक ने 187 गेंद में 102 रन बनाए।

## खिलाड़ियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में दी जानकारी

# खोई प्रतिष्ठा हासिल करने के लिए अपना जोश और जुनून जगाएं कोहली और रोहित : चैपल

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारत के पूर्व मुख्य कोच ग्रेग चैपल ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा को अगर अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करनी है तो उन्हें अपने युवा दिनों के जोश और जुनून को फिर से जगाना होगा। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ करारी हार खेलने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है जहां पांच मैच की श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी।

कोहली और रोहित इस महत्वपूर्ण श्रृंखला से पहले रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। चैपल ने अपने कॉलम में सचिन तेंदुलकर के साथ 2005 में हुई बातचीत का जिक्र करते हुए उम्र बढ़ने के



साथ खिलाड़ियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया है। तेंदुलकर ने चैपल के विचार जानने के लिए उनसे पूछा, 'ग्रेग उम्र बढ़ने के साथ बल्लेबाजी करना मुश्किल क्यों हो जाता है जबकि उसे आसान होना चाहिए। चैपल ने लिखा है, 'मैंने उनसे कहा कि उम्र बढ़ने के साथ पहले की तरह बल्लेबाजी करने के लिए मानसिक ज़रूरतें बढ़ जाती है। बल्लेबाजी करना मुश्किल हो जाता है क्योंकि आपको अहसास हो जाता है कि इस स्तर पर रन बनाना कितना मुश्किल हो जाता है तथा एकाग्रता बनाए रखना कितना कठिन हो जाता है जो कि सफल होने के लिए आवश्यक हैं। उम्र बढ़ने के साथ आपकी आंखों की रोशनी या रिफ्लेक्स कम नहीं होते बल्कि वह एकाग्रता है जिसे बरकरार रखना मुश्किल हो जाता है। जब आप युवा होते हैं तो आपके दिमाग की एकाग्रता रन बनाने पर होती है। उम्र बढ़ने के साथ विरोधी टीम भी आपकी कमजोरी को जानने लगते हैं तथा आप परिस्थितियों को लेकर अधिक सजग हो जाते हैं।'

### युवाओं की तरह सोंच रखें दिग्गज


ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व दिग्गज ने कोहली, रोहित और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को इस खेल के दिग्गज करार देते हुए कहा, 'जब आप युवा होते हैं तो परिस्थितियों और मैच की स्थिति को लेकर चिंता नहीं करते। आपका ध्यान केवल रन बनाने पर लगा होता है। अगर आप उसी तरह खेलना चाहते हैं जैसे आपने एक युवा खिलाड़ी के रूप में खेला था, तो आपको उस दृष्टिकोण और विचार प्रक्रियाओं को फिर से जागृत करना होगा जो एक युवा खिलाड़ी के रूप में आपके पास थी। उम्रदराज खिलाड़ी के लिए यह सबसे बड़ी चुनौती है।'

# जार्ज ने कोरिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| इक्सान सिटी

भारत के किरण जॉर्ज ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर काबिज इस 24 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी ओबायाशी को केवल 39 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 प्रतियोगिता में एक और उलटफेर भरी जीत दर्ज की। जॉर्ज शनिवार को सेमीफाइनल में थाईलैंड के शीर्ष वरीय और दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी कुनलावुत विटिडसार्न से



भिड़ेंगे, जिन्होंने चीन के लियू लियांग के खिलाफ 21-15, 21-11 से जीत दर्ज की। भारतीय खिलाड़ी ने इससे पहले प्री क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की ची यू जेन को हराया था। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय शटलर जॉर्ज ने पूरे मैच में अच्छा खेल दिखाया।





# अंतरिक्ष में कई महीनों से फंसी सुनीता विलियम्स की सेहत है अच्छी

**वॉशिंगटन।** पिछले कई महीनों से अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स की सेहत को लेकर सवाल उठ रहे हैं। एक नई तस्वीर में सुनीता विलियम्स काफी दुबली-पतली दिखाई दे रही हैं। तस्वीर में उनका गाल धंसा हुआ दिखता है। ऐसे में नासा ने अब सुनीता विलियम्स के स्वास्थ्य पर सफाई दी है। नासा ने साफ किया है कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद सभी अंतरिक्ष यात्रियों का स्वास्थ्य अच्छा है। नासा के अंतरिक्ष संचालन मिशन निदेशालय के प्रवक्ता जिमी रसेल ने डेली मेल को बताया कि आईएसएस पर मौजूद सभी नासा अंतरिक्ष यात्रियों का नियमित चिकित्सा मूल्यांकन किया जाता है और विशेषज्ञ फ्लाइट सर्जन उनकी निगरानी करते हैं। उन्होंने कहा, 'सभी का स्वास्थ्य अच्छा है।'

## सुनीता विलियम्स की सेहत पर सवाल क्यों

डॉक्टर ने डेली मेल को बताया, 'उसके गाल थोड़े धंसे हुए दिखाई दे रहे हैं और आमतौर पर ऐसा तब होता है जब आपके शरीर का पूरा वजन कम हो जाता है। मुझे लगता है कि उसके चेहरे और उसके धंसे हुए गालों से मैं जो समझ सकता हूं, वह यह है कि वह शायद कुछ समय से कैलोरी की कमी से जूझ रही है।' विलियम्स और उनके साथी अंतरिक्ष यात्री बैरी विल्मोर जून से ही आईएसएस पर हैं। यह आठ दिवसीय आईएसएस मिशन होना था, लेकिन स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान की खराबी के कारण इसे महीनों तक खींचना पड़ा। अंतरिक्ष यात्री अब अगले साल फरवरी में घर लौटेंगे।



## सुनीता विलियम्स की कैसी है तबीयत?

अंतरिक्ष एजेंसी का यह बयान मीडिया रिपोर्टों के बीच आया है जिसमें दावा किया गया है कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लंबे समय तक रहने के बाद विलियम्स स्वास्थ्य संकट का सामना कर रही हैं। नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की पेपरोनी पिज़्ज़ा बनाते हुए एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर घूम रही है, जिसमें ऐसा लग रहा है कि उनका वजन काफी कम हो गया है। सिएटल स्थित एक पल्मोनोलॉजिस्ट के अनुसार, विलियम्स तस्वीर में 'दुबली' दिख रही हैं, उन्होंने कहा कि उन्हें लंबे समय तक बहुत अधिक ऊंचाई पर रहने के कारण होने वाले तनाव का सामना करना पड़ रहा है।

## अंतरिक्ष से लौटते ही बीमार पड़ा वैज्ञानिक

26 अक्टूबर को, नासा के एक अंतरिक्ष यात्री - क्रू-8 का हिस्सा, आईएसएस पर लगभग आठ महीने की तैनाती से लौटने के बाद अस्पताल में भर्ती हुआ था। नासा के अनुसार, अंतरिक्ष यात्री मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बैरेट, जीनेट एप्स और रोस्कोस्मोस अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर ग्रेबेनकिन को एक साथ फ्लोरिडा के एसेंशन सेक्रेड हार्ट पेंसाकोला ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सा मूल्यांकन के बाद, एहतियात के तौर पर अंतरिक्ष यात्रियों में से एक को निगरानी में रखा गया। हालांकि, नासा ने कहा कि चालक दल के सदस्य की चिकित्सा गोपनीयता की रक्षा के लिए अंतरिक्ष यात्री के विवरण का खुलासा नहीं किया गया।





# एशिया का सबसे अमीर गांव है भारत में, यहां 7000 करोड़ रुपए है जमा

जब भी हम पर्यटन के बारे में सोचते हैं तो विदेश यात्रा के बारे में सोचते हैं, तो उन जगहों पर कई नई-नई जानकारियां मिलती हैं जो हमें हैरान कर देती हैं। अगर बात गांवों की करें तो पहली सोच यही होती है कि यहां रहने वाले लोग आर्थिक रूप से सशक्त नहीं होते हैं। हालांकि, आप जानकर दंग रह जाएंगे कि भारत का एक गांव ऐसा है, जो एशिया में सबसे अमीर है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशिया के सबसे अमीर गांव के रूप में भारत के गुजरात राज्य में मौजूद कच्छ जिले का मदापार गांव लिस्ट किया गया है। इस गांव में लगभग 17 बैंक हैं जो 7,600 परिवारों को सेवा देते हैं। इन बैंकों में ग्रामीणों ने इतना पैसा जमा किया है कि ये एशिया का सबसे अमीर गांव बन गया। ग्रामीणों ने लगभग 7,000 करोड़ रुपए की बैंक में जमा किए हैं, ये लोग पर्याप्त धन बचाने और निवेश करने के लिए भी जाने जाते हैं। इससे भी दिलचस्प बात यह है कि इस छोटे से गांव के कई लोग इस समय विदेश में रहते हैं। ऐसे में वे वहां जो पैसा कमाते हैं उसका एक बड़ा हिस्सा गांव के ही बैंक में जमा करते हैं।



## गांव में हैं 17 बैंक

इस गांव में फिलहाल एक्सिस, एचडीएफसी जैसे 17 बैंक हैं। इस बड़ी धनराशि से गांव की बुनियादी जरूरतों के विकास में भी काफी मदद मिली है। अन्य गांवों के विपरीत, मदापार में अच्छी सड़कें, साफ पानी, पार्क और साफ-सफाई है। स्कूल, मंदिर और कम्युनिटी प्लेसेज़ ने ग्रामीणों की ज़िंदगी को आसान और बेहतर बनाया है।

## अप्रवासी भारतीय भेजते हैं पैसा

गांव में ज्यादातर लोगों ने पहले ही करीब 22 लाख रुपए फिक्स्ड डिपॉजिट में जमा कर रखे हैं। ग्रामीण आर्थिक रूप से स्वतंत्र और सुरक्षित बनने पर खूब ध्यान देते हैं और यही कारण है कि वे कई सालों में इतना पैसा बचा चुके हैं।मदापार गांव की समृद्धि का एक बड़ा कारण यहां के अप्रवासी भारतीय हैं, जो ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, ब्रिटेन और अफ्रीकी देशों में चले गए हैं। इनमें से लगभग सभी एनआरआई या अप्रवासी अलग-अलग नौकरियों, निर्माण सेक्टर और बिजनेस में शामिल हैं।अपनी मातृभूमि से बहुत दूर रहने के बावजूद, वे नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में धन अपने गांव भेजते हैं। वे स्थानीय बैंकों और डाकघरों में पैसा भेजते हैं और उनकी इस आदत ने पूरे गांव की संपत्ति को बढ़ाने में मदद की है।










# बीवी को दिखना था खूबसूरत, पति को कर्ज़े में डुबोकर कराई सर्जरी!

**न्यूयार्क।** पति-पत्नी जब एक टीम की तरह काम करते हैं, तो उनकी लाइफ काफी अच्छी चलती है। हालांकि, इनमें से कोई एक अगर स्वार्थी हो जाए, तो दूसरे के लिए लाइफ जीना मुश्किल हो जाता है। यही वजह है कि शादी के ज़िंदगी का सबसे बड़ा जुआ कहा जाता है, अगर पार्टनर अच्छा हो तो लाइफ संवर जाती है और अगर समझदार न हो, तो जीवन बर्बाद हो जाता है। हाल ही में एक ऐसी ही कहानी अमेरिका से सामने आई है। यहां रहने वाले एक कपल की कहानी ज़रा अतरंगी है। पत्नी ने सुंदर दिखने की ज़िद ठान रखी थी। उसे इस बात से कोई फर्क ही नहीं पड़ रहा था कि उसके पति के पास पैसे हैं भी या नहीं। उसके बाद बीवी को खुश करने के लिए पति ने कर्ज़ लिया, लेकिन उसका ट्रीटमेंट करा दिया।



## कर्ज़ लेकर पति ने पूरी की ख्वाहिश

मेगन के इस ट्रीटमेंट का पूरा खर्चा 14000 डॉलर यानी 11,81,012 रुपए है। ऐसे में गैरेट ने कर्ज़ लेकर अपनी पत्नी की ख्वाहिश पूरी की और उनकी सर्जरी करा दी। जब इस पोडकास्ट को सबने देखा और सुना तो तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आने लगीं। एक यूज़र ने कहा कि गैरेट को फटाफट अपनी पत्नी को छोड़ देना चाहिए। कुछ अन्य यूज़र्स का कहना था कि ब्यूटी ट्रीटमेंट के लिए कर्ज़ लेना बिल्कुल ठीक नहीं है, ये मेगन ने अच्छा नहीं किया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com